www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–221 । सागर, शनिवार, 30 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

एक-दूसरे की भाषा समझना आवश्यक, इसी से भाषाओं की समृद्धि और विकास संभव: कुलपति पृष्ठ 2
▪ वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा
▪ महिला आरक्षण विधेयक : शकुनि का पांसा पृष्ठ 4
▪ चॉकलेट के बहाने मासूम को खंडहर ले गया आरोपी, ग्रामीणों ने पकड़कर पेड़ से बांधा पृष्ठ 6
खुरई, बांदरी, पिठोरिया में मंत्री भूपेन्द्र सिंह का नागरिक अभिनंदन पृष्ठ 8

अलीराजपुर में मुख्यमंत्री ने सिंचाई परियोजना का लोकार्पण किया, कहा-

# हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा



- 12वीं कक्षा में प्रथम आने वाले तीन-तीन बेटे-बेटी को स्कूटी दी जाएगी
- अलीराजपुर में कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जितनी कठिनाई जिंदगी में होगी सब दूर करूंगा। हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाएगा ताकि पलायन न करना पड़े। चाहे स्व–सहायता समूहों के माध्यम से, उदयम क्रांति योजना या सरकारी नौकरियों के माध्यम से हो हर परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलीराजपुर में कृषि महाविद्यालय खोला जाएगा। जिले के सभी गांवों और खेतों में सिंचाई का पानी पहुँचाया जाएगा। अलीराजपुर में बायपास रोड बनाया जाएगा। बिजली का सब स्टेशन भी बनवाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान अलीराजपुर में 905.46 करोड़ रुपए की माइक्रो उद्धवहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद और जन–प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नर्मदा मैया का पानी खेतों में लेकर आया हूँ। पानी आने से खेतों में फसलें लहलहाएंगी। परियोजना से अभी 126 गांवों में सिंचाई हो रही है। आगे चलकर जिले सभी गांवों और खेतों में पानी पहुँचा दिया जाएगा। पाइपलाइन बिछाकर घरों में टोंटी से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। नर्मदा का पानी ग्रामीणों की जिंदगी बदलेगा। किसानों को एक हजार रुपए हर महीना मिल रहा है। पीएम सम्मान निधि में 6 हजार रुपए और इतने ही रुपए राज्य सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने अलीराजपुर को जिला बनाया है, साथ ही सड़क, बिजली, स्कूल–कॉलेज की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूँ। मैं बहनों का भाई, बेटा–बेटियों का मामा हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि परिवार के लिए जो करना चाहिए वह करने की कोशिश करता रहूँगा। मैं बहनों की तकलीफें दूर कर दूंगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर हर महीने पैसे डाले जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए से शुरू की गई योजना में बढ़ाकर 3 हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे।



# राहुल आज कालापीपल में जनसभा को करेंगे संबोधित

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और सासंद राहुल गांधी शनिवार को प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। वह कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के पोलायकला में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, संगठन के प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य वरिष्ठ नेता इस दौरान उनके साथ रहेंगे। यात्रा की तैयारियों को देखने आज प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला पोलायकला गए। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से चर्चा की और कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।







राष्ट्रपति मुर्मू ने दी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी

# महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें होंगी आरक्षित

## नई जनगणना व परिसीमन के बाद लागू होगा आरक्षण

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हाल ही संसद के विशेष सत्र के दौरान पारित कराए गए महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन विधेयक) को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद सरकार ने इसको लेकर एक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। यह विधेयक 20 सितम्बर को लोकसभा और 21 सितम्बर को राज्यसभा से पारित हुआ था। विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि यह लैंगिक समानता के लिए हमारे समय का क्रांतिकारी कदम होगा। संविधान के मुताबिक, जब कोई विधेयक संसद से पारित हो जाता है तो उसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाता है। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ही वह विधेयक कानून का रूप धारण कर पाता है।

बता दें कि विधेयक के कानून बन जाने के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि इसे लागू करने में अभी पेंच फंसा हुआ है।

सरकार ने जहां कहा है कि यह कानून जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू हो पाएगा। वहीं विपक्ष ने एससी–एसटी की तरह ही विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए भी कोटा में कोटा की मांग करके चुनावी साल में सरकार की परेशानी बढ़ा दी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी।



महापौर की अध्यक्षता में मेयर-इन-काउंसिल की बैठक सम्पन्न

# हड़ताल में शामिल सफाई संरक्षकों का कटेगा वेतन, सफाई कार्य को अत्यावश्यक सेवा घोषित करने के लिए शासन को भेजेंगे प्रस्ताव



**सागर, देशबन्धु।** मेयर-इन-काउंसिल की बैठक महापौर संगीता तिवारी की अध्यक्षता में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी एवं समस्त एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में आहूत की गई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये। बैठक में प्रभारी सहायक आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नगर निगम स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई संरक्षक 25 सितम्बर से प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल पर चले गये है। जिससे संपूर्ण शहर की सफाई व्यवस्था पूर्ण से प्रभावित हो गई है। बैठक में चर्चा उपरांत जनहित को दृष्टिगत रखते हुये निर्णय लिया गया कि नगर निगम सागर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने के कारण मप्र नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 65 के अंतर्गत अत्यावश्यक सेवाओं के तहत् सफाई कार्य को अत्यावश्यक सेवा घोषित करने हेतु प्रस्ताव शासन को अतिशीघ्र भेजा जावे, जो सफाई कर्मचारी प्रदेशव्यापी कामबंद हड़ताल में 25 से 29 सितम्बर तक अनुपस्थित है ऐसे सफाई संरक्षकों का नो.वर्क.नो.पे के आधार पर वेतन काटा जावे एवं जो कर्मचारी आगामी दिवसों में कामबंद हड़ताल में शामिल होंगे उनका अनुपस्थित दिनांक का वेतन काटा जावे। सफाई संरक्षक दैनिक वेतन भोगी/ स्थायीकर्मी यदि हड़ताल में शामिल रहते है तो ऐसे कर्मचारियों के विरूद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। शहर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये आवश्यकता अनुसार सफाई कार्य हेतु श्रमिक रखे जाने का निर्णय लिया गया। परिषद द्वारा निर्णय लिया कि इंडिया स्मार्ट सिटीज कांक्लेव. 2023 में संपूर्ण देश में मप्र को सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरूस्कार प्राप्त होने पर मंत्री भूपेन्द्र सिंह का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। बैठक में संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के आदेशानुसार कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत सैंद्वातिक स्वीकृति प्राप्त हुई। अतः उक्त संबंध में तैयार सिटी रोड़ एक्षन प्लान को स्वीकृति प्रदान की गई तथा प्रस्ताव को शीघ्र शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। तिलकगंज वार्ड पुरानी गल्ला मंडी के पास स्थित मीट मार्केट के स्थान पर चार मंजिला नई मार्केट तैयार हो चुकी है, दुकानों के आवंटन हेतु लोककर्म विभाग के इंजीनियर द्वारा भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल की दुकानों की कलेक्टर गार्डड लाईन के अनुसार आफसेट कीमत निर्धारित की गई। अतः निर्धारित आफसेट कीमत की स्वीकृति, व्यवस्थापन के अधीन आवंटन आदि के संबंध में चर्चा उपरांत नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। नगर निगम औषधालय कटरा वार्ड सागर के स्थान पर निर्मित व्यवसायिक दुकानों के आवंटन हेतु द्वितीय बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई। जिसमें भूतल पर दुकान क्रमांक 2 एवं 6 एवं प्रथम तल पर दुकान क्रमांक 1 निविदा समिति की अनुशंसा अनुसार उच्चतम आफर को स्वीकृति प्रदान गई, विषय को परिषद में भेजे जाने का निर्णय लिया। नगर निगम में कार्यरत, सेवानिवृत एवं फौत सफाई संरक्षक कर्मचारियों को पूर्व में 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर क्रमोन्नत वेतनमान निगम परिषद प्रस्ताव क्रमांक 20 दिनांक 12 जनवरी 2004 के अनुसार दिया गया था। क्रमोन्नति वेतनमान हेतु गठित समिति की अनुशांसा अनुसार क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ पूर्व में जारी आदेश अनुसार 1 जुलाई 2004 के स्थान पर संशोधित कर 25 अप्रैल 2000 से दिये जाने हेतु अतिरिक्त व्यय की जानकारी सहित अगली बैठक में रखे जाने का निर्णय लिया। संचालनाय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार राजीव नगर कालोनी शिवाजीनगर वार्ड में भू.खण्ड के आवंटन में हुई अनियमितताओं के संबंध में गठित जांच समिति के प्रतिवेदन के संबंध में निर्णय लिया गया कि एमआईसी सदस्यों की समिति गठित कर जांच करायी जावे एवं जांच प्रतिवेदन अगली बैठक में रखा जाये। बैठक के अंत में महापौर संगीता तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी एवं एमआईसी सदस्यों ने इंडिया स्मार्ट सिटीज कांक्लेव.2023 के राष्ट्रीय मंच पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा सागर को बेस्ट मोबिलीटी अवार्ड से सम्मानित होने पर कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी एवं निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

## सरोज सिंह ने पौने 7 सौ से ज्यादा हितग्राहियों को मुख्यमंत्री भू-अधिकार के पट्टे दिए



**मालथौन, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने मालथौन के तीन स्थानों पर हितग्राहियों को मालिकाना हक के मुख्यमंत्री भू.अधिकार पत्र वितरित किए। वार्ड क्र. 3 में 108 हितग्राहियों को, वार्ड क्र. 2 में 207 हितग्राहियों एवं वार्ड क्र. 7 में 363 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री भू.अधिकार पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रयासों से खुरई विधानसभा क्षेत्र के हर जरूरतमंद का योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। आज भू.अधिकार योजना में लाभान्वित हितग्राहियों के चेहरे पर प्रसन्नता देख कर अच्छा लग रहा है। हर गरीब का सपना होता है कि उसका खुद का आवास हो। आवास योजना में मकान बनाने के लिए सरकार की तरफ से आवास योजना में भी राशि दी जाएगी। मेरे भ्रमण के दौरान क्षेत्रवासी मुझ से आवास की मांग करते थे, आज उनको आवासीय पट्टों का वितरण किया जा रहा है। जो छूट गए हैं वे चिंता न करें, उनकी चिंता मंत्री जी को है।

## समाज के भावी नागरिक बच्चे ही समग्र विकास के सूत्रधार : मनोज चौरसिया



**सागर, देशबन्धु।** तिली वार्ड पार्षद ने श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद उदास हो गए कॉलोनी वासी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह सौंप कर दुलार दिया। गणेशोत्सव के दौरान उनकी सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की प्रशंसा की उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सनराइस रेजीडेंसी में इस वर्ष आयोजित गणेश उत्सव के विभिन्न कार्यक्रम मुख्य रूप से कॉलोनी वासी बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों के साक्षी बने। इस दौरान बच्चों के नृत्य, गायन, नृत्य नाटिकाएं, गणेश जी पर आधारित प्रश्नोत्तरी आदि प्रस्तुतियां प्रमुखता से हुईं। उत्साह पूर्वक सहभागी बच्चों को आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कराए गए। समापन आयोजन में शामिल तिली वार्ड पार्षद मनोज चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलोनी वासियों और विशेष रूप से यहां के बच्चों की भागीदारी ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। मैं सनराइस रेसिडेंसी के आगे आने वाले हर आयोजन का हिस्सा बनना चाहूंगा। मुझे कॉलोनी वासी अपने ही परिवारों में शामिल मानें। इस अवसर पर कॉलोनी वासियों ने अपने वार्ड पार्षद चौरसिया का शॉल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया।

## सार-समाचार

### पर्यूषण पर्व के समापन पर निकाली शोभायात्रा



**शाहगढ़, देशबन्धु।** शुक्रवार को नगर में पर्यूषण पर्व के समापन पर छोटा बाजार से चांदी के विमान पर भगवान महावीर को बैठा कर नगर में बड़े ही धूमधाम गाजे बाजे के साथ भ्रमण कराया, भगवान की पालकी को कांधा देने वालों को लंबी कतार लगी रही, वही साथ में चल रहे मुनि श्री ससंघ का पाद प्रक्षालन आरती उतारी और घर के बाहर चौक रंगोली सजाकर पावड़ा बिछाकर भगवान महावीर की अगवानी की। नगर के झंडा चौक पर जलबिहार कार्यक्रम हुआ जहां पर प्रथम अभिषेक सुनील सिद्धार्थ मगरदा, सचिन सपन सागर, अभय सुनवाहा, आलोक आदेश परिवार सागर को प्राप्त हुआ, वहीं मुनिश्री का पाद प्रक्षालन विधायक तरवर सिंह, डॉ. राजेश सरपंच, मुनिश्री विश्वदृग सागर का पाद प्रक्षालन रंजोर सिंह बुंदेला, शास्त्र भेंट वीरेंद्र सिंह लंबरदार, नीरज भुसा बंडा और अधिवक्ता महेंद्र तिवारी को भेंट करने का सौभाग्य मिला। संचालन डॉ. अशोक, लल्लू सिंघई और आभार चतुर्मास समिति ने किया। रात्रि में अंतर राज्यीय विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

### श्राद्ध में श्रद्धा हो तभी शुभ फल प्राप्त होगा: यशोदानंदन दास



**सागर, देशबन्धु।** सिविल लाइन स्थित नर्मदेश्वर धाम में पितृ पक्ष पखवाड़े पर पितरों के स्मरण और शान्ति के लिए गरुण पुराण कथा के षोडश दिवसीय गरुण पुराण कथा के प्रथम दिवस पं. यशोदानंद दास श्रीधाम वृन्दावन ने कहा कि पितृपक्ष में देव कार्य की अपेक्षा पितृ कार्य की विशेषता मानी गई है। देव कार्य से पूर्व पितरों को तृप्त करना चाहिए, श्राद्ध से बढ़कर कोई कल्याणकारी कार्य नही है प्रत्येक गृहस्थ को प्रयत्न पूर्वक श्राद्ध कर्म करते रहना चाहिए। श्राद्ध से केवल अपनी और अपने पितरों की ही संतुष्टि नहीं होती अपितु जो व्यक्ति विधि पूर्वक अपने धन के अनुरूप पितृ श्राद्ध करता है वह ब्रह्म से लेकर तृण तक संपूर्ण प्राणियों को संतुष्ट करता है। श्राद्ध में श्रद्धा हो तभी शुभ फल प्राप्त होगा।

### नि:शुल्क शतरंज प्रशिक्षण रविवार को

**सागर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब ऑफ सागर के रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी के द्वारा रोटरी कम्युनिटी कॉर्प आरसीसी शतरंज प्रशिक्षण 1 सितम्बर, रविवार सुबह 9 बजे कांची रेस्टोरेंट में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हर रविवार को सुबह 9 से 11 नि:शुल्क शतरंज खेल खेला जायेगा और प्रशिक्षण अंशुल भार्गव मुख्य अतिथि, आरसीसी बहेरिया के अध्यक्ष फिडे ऑर्बिटर इंजी. अंकुर सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम के द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शतरंज में बच्चो की दिलचस्पी बढ़े और जिससे उनके खेल के स्तर में बढ़ोतरी हो एवं आगामी 5 वर्षो में सागर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## एक-दूसरे की भाषा समझना आवश्यक, इसी से भाषाओं की समृद्धि और विकास संभव: कुलपति



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में हिन्दी दिवस समारोह 2023 हिन्दी पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। कार्यक्रम में पधारें अतिथियों का स्वागत किया गया, कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता का स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह देकर संयुक्त कुलसचिव संतोष सोहगौरा ने किया। उन्होंने पखवाड़े का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 से लेकर 29 सितंबर तक हुआ। इस दौरान हिंदी को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए अनेक तरह के कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं विवि में आयोजित की गई। समापन और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिंदी पखवाड़े को सही मायने में डॉ. हरीसिंह विवि ने मनाया और हिंदी भाषा को आगे ले जाने के लिए विवि द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मप्र एक हिंदी प्रदेश है। हर भाषा के छोटे-छोटे समूह विवि में बनने चहिए, ताकि विवि के छात्र-छात्राएं एक दूसरे की भाषा बोलना और समझना सीख सकें। भारत एक है यह हमें मानकर चलना चाहिए। वन अर्थ के कांसेप्ट पर चलना है तो एक दूसरे की भाषा जानना और समझना आवश्यक है। हिंदी विभाग के प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा वर्ष भर चलते रहना चाहिए। हिंदी के साथ हमारा जीवन भर का जुड़ाव है। हिंदी अभिव्यक्ति की एक जीवन रेखा है। हिंदी क्लब की शुरुआत कुलपति की प्रेरणा से विवि में हुई है। जो काफी सुखद है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण भी कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के हाथों से किया गया। विजयी प्रतिभागियों में शिक्षक, कर्मचारी विवि के विद्यार्थी और स्कूल के विद्यार्थी सम्मिलित रहे। समापन समारोह और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव सराफ ने किया और आभार संतोष सोहगौरा ने ज्ञापित किया।

### विश्व एक व्यापार नहीं, परिवार है परिवार की तरह ही हमारा विश्व रहता है: मुनिश्री

**शाहगढ़, देशबन्धु।** उत्तम क्षमा से शुरू हुए पर्यूषण पर्व का क्षमावाणी पर समाप्त होता है, एक इंद्रीय जीव से लेकर पांच इंद्रीय तक के लिए क्षमा भाव कहा है, आज का पर्व यही सिखलाता है कि किसी से गलतियां हुई हों, ग्लानि के भाव करके क्षमा मांगना है, अपराध करने के बाद साल में क्षमा हमें एक बार तो क्षमा जरूर मांग लेना चाहिए, यह बात मुनि श्री विरंजन सागर ने नगर के झंडा चौक पर विशाल जन समुदाय के बीच मंच से धर्मसभा में कहीं, उन्होनें कहा कि दुश्मनी नजरे चुराती हैं प्रेम नजरें मिलाती है और नजरे मिलते ही मुस्कुराहट आ जाती है, नेता, तहसीलदार, वकील, पत्रकार कोई भी हो गलती सबसे हो जाती है, दुश्मनी मिटाने का एक फार्मूला है कि उसके आगे मुस्कुरा दीजिए, मुनि श्री ने विधायक तरवर सिंह, प्रत्याशी वीरेंद्र लंबरदार की ओर इशारा करते हुए कहा कि चुनाव के समय जिस प्रकार हम हाथ जोड़ते हैं इस तरह सामान्य जीवन में भी यही प्रक्रिया करते रहे, परोपकार जनता की सेवा देश के विकाश की ओर हमेशा अग्रसर बनें रहें। विधायक तरवर सिंह से मुनि श्री बोले कि बिना शक्कर के चाय चल जाएगी, लेकिन वाणी में मिठास हमेशा बनाए रखें।

### विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का हुआ आयोजन

**बीना** राष्ट्रीय कला उत्सव 2023 के अनुक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.1 बीना में विकास खंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। न्यू एजुकेशन पॉलिसी में 21 वीं सदी के कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया है। कला को शिक्षा के साथ जोड़ा गया है। कला उत्सव में सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, संगीत गायन, शास्त्रीय संगीत, गायन, पारंपरिक लोकसंगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला, द्वियामी दृश्य कला, त्रियामी, स्थानीय खिलोने एवं खेल, एकल अभिनय आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चो ने बड़े ही उत्साह से गतिविधियों में भाग लिया। इसमें शासकीय कन्या उमावि बीना, उत्कृष्ट विद्यालय क्र. 2 स्कूल, सीएम राइज विद्यालय के विधार्थियों में बहुत ही रोचक कलाएं प्रस्तुत की। विजेता कलाकारों को 3 अक्टूबर को जिलास्तरीय कला उत्सव सागर और प्रदेश स्तरीय भोपाल में अपनी प्रतिभाएं दिखाने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम नवंबर में राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

## संभाग स्तरीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन



**सागर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण के निर्देशन में ब्राइट कैरियर स्पेशल एकेडमी मकरोनिया में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं निपुण रोवर रेंजर जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों का जांच की जा रही है स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा इस शिविर में उत्तीर्ण होकर आगामी राज्यपाल जांच शिविर हेतु बच्चे तैयार होते हैं। शिविर का संचालन कंचन सिंह, गौरी शंकर शर्मा, रोवर लीडर गणेश चढार द्वारा किया गया। शिविर में प्रतिदिन पाठ्यक्रम के अनुसार व्यायाम, एरोबिक्स, योगा, ध्वज शिष्टाचार, मैपिंग, स्ट्रेचर की दी जानकारी, प्राथमिक सहायता, स्काउट गाइड के ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, खोज के चिन्ह, कम्पास, दिशा ज्ञान, बिना बर्तन के भोजन बनना, कैंप फायर प्रतिदिन विभिन्न थीम पर। समय सारणी अनुसार नियमित कुकिंगए दक्षता, अन्य बैज के साथ अन्य विषयों की जांच की गई। संचालक ब्राइट कैरियर सीएस आनंद एवं गौरी शंकर शर्मा द्वारा स्काउट सत्यम सिंह लोधी राज्यपाल अवार्ड प्रमाण पत्र एवं अनुज कुर्मी तृतीय सोपान प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। शिविर के अंतिम दिवस सर्व धर्म प्रार्थना, ओपन सेशन आदि का आयोजन किया गया। साथ ही पूर्व में स्काउट संभागीय कार्यालय में अपनी सेवाएं दे चुके शिवकुमार तिवारी के दुखद निधन पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। पांच दिवसीय शिविर में कंचन सिंह प्रभारी सहायक राज्य संगठन आयुक्त सागर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट गौरी शंकर शर्मा, डीटीसी जानकी सिंह एवं समस्त स्काउट गाइड रोवर रेंजर उपस्थित रहे। शिविर में समय-समय पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड जानकी सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, रश्मि दुबे, इंद्र दास, मंजू लता राय, दुर्गा गोवा, योग प्रशिक्षक रूपेश ठाकुर द्वारा शिविर में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

## मतदाता जागरुकता के लिए दौड़े विद्यार्थी



**बीना, देशबन्धु।** मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीना द्वारा शहरवासियों के मध्य मतदाता जागरूकता हेतु रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शहर के विभिन्न महाविद्यालय एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा सहभागिता की गई। मुख्य अतिथि के रूप में बीना एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें, इस संदेश के साथ रैली को रवाना किया गया।

## बाहर से नहीं, भीतर से हृदय परिवर्तन करो, धर्म पूर्वक जीवन जियो : मुनिश्री



**सागर, देशबन्धु।** हृदय हमारे शरीर का इंजन है। जीवन की डोर हृदय से बंधी है। हृदय कठोर नहीं कोमल होना चाहिए यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने हृदय दिवस के अवसर पर अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा दिल के दर्द की दवा बाजार से ज्यादा हमदर्दी से मिलती है, जब कोई हमदर्द मिल जाता है तब दिल का दर्द निकल जाता है, दूसरों को अपनी बात सुन देने से आंसू निकलते हैं, हृदय हल्का हो जाता है। हृदय को स्वस्थ रखने का तरीका है अपना काम स्वयं करो। फास्ट फूड एवं घी, तेल, मांसाहार का सेवन नहीं करो, आप हल्का सात्विक भोजन करें। दुनिया में 30 प्रतिशत मौतें हृदयाघात से होती है। हृदय परिवर्तन करो, भीतर से करो, बाहर से नही। धर्मपूर्वक जीवन जियो, क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा टेंशन, तनाव, कषाय, विवाद करने से हमारा हृदय कमजोर हो जाता है। अव्यवस्थित गलत खान पान और जीवन शैली की वजह से दुनिया में हृदय रोगों की संख्या बढ़ रही है जैन दर्शन के अनुसार प्रतिदिन नमक, तेल, घी, मीठा, दूध, दही, हरी, वनस्पति का त्याग करते रहे कभी बीमार नहीं पड़ेंगे। दिल से दिल जलता है तो देवल निकलता है और दिल से दिल मिलता है तो दिवाली बनती है हृदय को साफ रखो स्वच्छ हृदय में परमात्मा विराजमान होते हैं। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया 10 उपवास करने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले पाठशाला के बच्चों का सम्मान मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया।

### मंत्री भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ लोकायुक्त में की गई शिकायत जांच के बाद समाप्त

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस ने पुनीत टंडन से मंत्री भूपेन्द्र सिंह के विरूद्ध तथ्यहीन शिकायत लोकायुक्त संगठन में कराई गई थी। लोकायुक्त संगठन ने विस्तृत जांच के बाद आरोप प्रमाणित नही पाये जाने पर शिकायत को समाप्त कर दिया है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा है कि मेरे खिलाफ कांग्रेस द्वारा किया गया षड़यंत्र पूरी तरह से विफल हो गया है। मेरी छवि खराब करने के लिये झूठी शिकायत की गई, इससे मुझे मानसिक वेदना हुई, इसलिए शिकायतकर्ता के ऊपर 10 करोड़ रूपये का मानहानि का दावा करेंगे। मेरे पूरे राजनैतिक जीवन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बावजूद किसी भी प्रकार का आरोप नहीं लगा है।

## गणेश विसर्जन के दौरान हुए विवाद में युवक को चाकू मारा



**बीना** कटरा मंदिर के पास गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान बीती रात एक युवक को अज्ञात आरोपी ने जांघ में चाकू मार कर घायल कर दिया। घायल युवक को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार अजय पिता पप्पू अहिरवार 22, निवासी प्रताप वार्ड जो कटरा मंदिर के पास खड़ा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने भीड़ में पीछे से चाकू मार दिया। पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 294, 323, 324, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**सागर, देशबन्धु।** विश्वविद्यालय में आयोजित हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 के विद्यार्थियों को निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए कुलपति प्रो. नीलीमा गुप्ता द्वारा पुरस्कृत किया गया। कक्षा 8 के आदित्य गौतम ने प्रथम, आराध्या मिश्रा ने द्वितीय तथा वेदिका दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार नेमा द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। नवागत प्राचार्य आरएस वर्मा ने विजेताओं को बधाईयां दी।

## स्वीप कैलेण्डर के अनुसार नोडल अधिकारी कार्यक्रमों का संचालन करें : कलेक्टर



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन पर स्वीप समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफीसर, जनपद सीईओ, सीएमओ, बीएमओ, जिले के महाविद्यालयों के प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, जिला खेल अधिकारी, स्वीप कोर्डिनेटर उपस्थित हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिये कि आयोग द्वारा बनाये गये स्वीप कैलेण्डर के अनुसार जिले में समस्त नोडल अधिकारी कार्यक्रमों का संचालन करें। प्रत्येक विधानसभा में प्रतिदिन स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाये। जिन मतदान केन्द्रों पर विगत विधानसभा चुनाव में कम मतदान हुआ है, उसकी सूची बनाकर विशेष स्वीप गतिविधियां संचालित की जाये। जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा ने बैठक में कहा कि आयोग के स्वीप ऑब्जर्वर द्वारा जिले में भ्रमण किया जाएगा। अतः प्रत्येक कार्यक्रम का प्रतिवेदन एवं डाक्यूमेंटेशन कर फाईल तैयार रखे। स्वीप गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रतिशत में वृद्धि का है, जिससे प्रत्येक मतदाता लोकतंत्र के इस त्यौहार को बनाकर गर्व महसूस करें। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने स्वीप के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस बनाने के साथ ही स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। स्वीप गतिविधियों के कुशल संचालन का ही परिणाम है कि जहां पहले 50 से 55 प्रतिशत मतदाता मतदान करते थे, वही अब यह आंकड़ा 75 प्रतिशत तक पहुंच गया है। बैठक में सभी को स्वीप कैलेण्डर की साप्ताहिक गतिविधियों के आयोजन के लिए निर्देशित किया गया।

## सार समाचार

### शहर की बेटी ने जीता गोल्डमेडल



**छतरपुर, देशबन्धु।** विगत 24 से 29 सितंबर तक सागर में संपन्न हुई खेलो एमपी की संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में छतरपुर के बालक-बालिकाओं ने भी भाग लिया। इन्हीं में से एक बेटी मन्नत अंसारी ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर शहर को गौरवान्वित किया है। बताया गया है कि छतरपुर बॉक्सिंग एकेडमी की मन्नत अंसारी के अलावा अभिषेक श्रीवास, आकाश अहिरवार, कुणाल सूर्यवंशी, हर्ष चौरसिया और आशु यादव ने भी छतरपुर जिले की ओर से बॉक्सिंग स्पर्धा में भाग लिया था। बालिका वर्ग की ओर से मन्नत अंसारी ने सागर की मुक्केबाज को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बालक वर्ग में अभिषेक श्रीवास और आकाश अहिरवार ने सागर एवं दमोह के मुक्केबाजों को हरा कर प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता प्रतिभागी 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भोपाल में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।

### ढडारी में जागरुकता रैली निकाली



**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान में हमारा योगदान कितना आवश्यक है? स्वछता का जीवन में क्या महत्व है? आदि बिन्दुओ को ध्यान रखते हुए स्वछता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने शपथ ली। विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1और इकाई 2 के संयुक्त तत्वाधान में छतरपुर में स्थित ग्राम ढडारी में जागरुकता रैली निकाली गई एवम वृक्षा रोपण किया। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम, चेयरमैन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह गौतम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेश कुमार अहिरवार एवं इंजी. कुमारी वर्षा यादव एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक आकाश गौतम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पर्यावरण को और बेहतर बनाने और आने वाली भावी पीढ़ी को सुनहरा पर्यावरण सुन्दर वातावरण देखने को मिले। इस लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना कई निरंतर पर्यावरण एवं अन्य विषयो पर निरंतर प्रयास कर कार्यक्रम के अंतर्गत सुखी धरती करे पुकार, वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार एक पौधा एक जीवन नारों के उद्बोधन की गूंज के साथ परिसर गूंज उठा।

शपथ कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. वी. एस. राजपूत के साथ अन्य प्राध्यापकगणो में डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. किरण श्रीवास्तव, डॉ. विजय चतुर्वेदी, डॉ. आकाश सिंह, डॉ. शिवेंद्र सिंह,. सचिन व्यास मुख्य रूप से उपस्थित रहें। जागरूकता रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक आकाश गौतम, धर्मेंद्र, रजनीश, मोहित, विवेक, आदित्य, आशीष, योजना, सानिया, हेमलता, वेशपा, आकांक्षा, दिव्या, सुरेश, हरिश्चंद्र, संदीप, श्रेजल, पूनम, काजल, दीपाली, क्रांति एवं अन्य सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पति ने पत्नी के सर पर डंडा मारकर की हत्या

- साले को फोन लगाकर बोला हत्यारा मैंने तुम्हारी बहन को मार दिया
- 6 वर्षीय बेटे को लेकर भागा हत्यारा



**नौगांव, देशबन्धु।** शहर के वार्ड नम्बर 18 धौर्रा मंदिर के पास स्थित के विवाह घर के बगल में रहने वाले एक पति ने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद पति ने अपने साले को फोन लगाकर कहा कि मैंने तुम्हारी बहन को मार दिया है आकर लाश ले जाओ, इसके बाद अपने 6 वर्षीय बेटे को लेकर आरोपी पति मौके से भाग खड़ा हुआ। मामले की सूचना लगने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामले की जांच में लग गई तो वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर कार्यवाई शुरू कर दी है। तो वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के मुताबिक धौर्रा मंदिर के पास रहने 28 वर्षीय कल्लू चौबे ने शुक्रवार शाम 7 बजे के लगभग अपनी पत्नी शिखा चौबे के साथ मारपीट करते है सर पर डंडा मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी कल्लू चौबे ने उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के अजनर में रहने वाले अपने साले आनंद द्विवेदी को फोन कर कहा कि मैंने तुम्हारी बहन को मार दिया है,आकर लाश ले जाओ।

इसके बाद आरोपी कल्लू चौबे अपने 6 वर्षीय बेटे कार्तिक उर्फ बादल को लेकर मौके से फरार हो गया। तो वहीं इतना सुनते हु साला आनंद द्विवेदी अपने परिवार के साथ नौगांव घटना स्थल आ गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। एसआई राजकुमार यादव, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र अहिरवार, प्रधान आरक्षक प्रमोद शर्मा, आरक्षक मुकेश बिरथरे, अजय साहू मोंटी, रीना पटेल सहित अन्य पुलिस बल ने पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर अग्रिम कार्यवाई की है। मृतिका शिखा के भाई आनंद द्विवेदी ने कहा कि बहनोई कल्लू चौबे शराब का आदि था और शराब के नशे में आए दिन बहन के साथ मारपीट करता रहता था, घर में बहनोई के अलावा माता, पिता, तीन भाई और बहन साथ में रहते थे, यह सभी लोग मिलकर मेरी बहन को प्रताड़ित करते थे और मारपीट करते रहते थे। भाई आनंद द्विवेदी ने पुलिस से हत्या के आरोपी कल्लू चौबे सहित परिवारजनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने शिकायती आवेदन पुलिस को सौंपा है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के भी आने की सूचना है।

### मारपीट का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# छात्राओं ने की युवक की मारपीट

- पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्यवाई



**नौगांव, देशबन्धु।** शहर में स्थित शासकीय बापू महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर दो युवतियों के द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाई की है।

जानकारी के मुताबिक बीते दिनों शासकीय बापू महाविद्यालय के छात्र लकी खटीक और राहुल अहिरवार के बीच बाद विवाद हुआ था। जिसके बाद दोनों के मध्य मारपीट भी हुई थी। शुक्रवार को दोनों पक्ष समझौता को लेकर महाविद्यालय के पास एकत्र हुए। तभी एक पक्ष अहिरवार पक्ष की दो युवतियों ने दूसरे पक्ष के लकी खटीक के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों युवतियां युवक के साथ मारपीट करते हुए घसीट कर कॉलेज के द्वार तक ले गई। मुख्य द्वार पर ले जाकर युवतियों के द्वारा युवक के साथ करीब एक घंटे तक मारपीट करती रही। इस बीच पूरा मोहल्ला युवक के साथ मारपीट होती देखता रहा।

कॉलेज प्रशासन द्वार पर खड़ा तमाशा देखता रहा, नहीं खोले दरवाजे, प्राचार्य बोले मुझे जानकारी नहीं, दो युवतियों के द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आने के बाद कॉलेज प्रशासन द्वार पर खड़ा तमाशा देखता रहा। मोहल्ले के रहवासी मारपीट होती देख प्रशासन से गेट खोलकर पुलिस को मामले से अवगत कराने का आग्रह किया। लेकिन कॉलेज प्रशासन के किसी भी अधिकारी के द्वारा न तो कॉलेज के गेट खोला और न ही मामले की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद जागरूक लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष को थाना ले जाकर कार्यवाई की गई। तो वहीं मामले में कॉलेज के प्राचार्य भारतेंदु पटेरिया का कहना है कि मुझे मामले की जानकारी नहीं है क्या हुआ पता करता हूं।

# हड़ताल ख़त्म करने को तैयार नहीं सफाईकर्मी, जगह-जगह कचरे के ढेर



**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले करीब 5 दिनों से नगर पालिका के सभी सफाईकर्मी कामबंद हड़ताल पर हैं जिसके चलते पूरा शहर गंदगी से सराबोर हो गया है। जगह-जगह फैली गंदगी और कचरे के ढेरों को साफ कराने के लिए नगर पालिका द्वारा अभी तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। वहीं सफाईकर्मियों ने मांग पूरी न होने तक काम पर वापिस लौटने से साफ इंकार किया है।

गौरतलब है कि इन दिनों शहर में विभिन्न धार्मिक आयोजन, रैलियां, जूलूस आदि का आयोजन भी हो रहा है जिसके चलते सडक़ों पर गंदगी आम दिनों के मुकाबले और अधिक देखने को मिल रही है। शहर के मुख्य बाजार सहित तमाम मार्गों के किनारे बेतहाशा गंदगी देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा बुरे हालात बाजार में हैं, पिछले 5 दिनों से सफाई न होने के कारण यहां गंदगी का अंबार लग गया है। इसके अलावा शहर के भीतरी इलाकों में भारी गंदगी व्याप्त है लेकिन नगर पालिका द्वारा अभी तक सफाई के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है।

**अधिकारियों की समझाइश के बाद भी नहीं माने सफाईकर्मी :** नगर पालिका के द्वार पर धरना दे रहे सफाई कर्मचारियों से मिलने शुक्रवार को जिला प्रशासन और निकाय प्रशासन के अ?धिकारी पहुंचे लेकिन इस मुलाकात से कोई निष्कर्ष नहीं निकला, कर्मचारी अभी भी अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। सफाई कर्मचारियों से मिलने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, नपा सीएमओ माधुरी शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र चौरसिया सहित कुछ वार्ड पार्षद पहुंचे थे और उनके द्वारा प्रदर्शनकारी सफाईकर्मियों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वे नहीं माने। कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। वहीं सफाई यूनियन के जिलाध्यक्ष आदित्य बाल्मिक ने बताया कि नपा प्रशासन द्वारा उन्हें नोटिस देकर हड़ताल खत्म करने की चेतावनी दी गई है और प्रशासन भी हमारे ऊपर दबाव बना रहा है, लेकिन हम हड़ताल पर डटे रहेंगे।

### बार-बार सूचना देने के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

# गरौंली गांव में 3 माह से खराब पड़े ट्रांसफार्मर



**नौगांव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम गरौंली में प्रकृति के बाद विद्युत विभाग की लापरवाही से अब खेतों में लगी मूंगफली की फसल भी खराब हो चली है। दरअसल गरौंली गांव के कुशवाहा मोहल्ले में पिछले तीन माह से विद्युत विभाग के दो ट्रांसफार्मर खराब पड़े है, ग्रामीणों के द्वारा इन्हें बदलवाने के लिए विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन इनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके चलते सिंचाई न होने के कारण आधा सैकड़ा के लगभग किसानों की फसल खराब होने लगी है। हालांकि मामला भास्कर के संज्ञान में आने के बाद अधिकारी ने तुरंत ही दोनो ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही।

जानकारी के मुताबिक ग्राम गरौंली के गगरयाना हार, कुशवाहा मोहल्ले में स्थापित विद्युत विभाग की दो डीपी पिछले तीन महीने से खराब पड़ी हैं। दोनों डीपी ट्रांसफार्मर खराब होने से इस क्षेत्र के लगभग आधा सैकड़ा किसान खेती में सिंचाई के लिए परेशान है। किसानों का आरोप है कि पहले प्रकृति ने हमें बर्बाद किया अब विद्युत विभाग हमें बर्बाद करने पर तुला है। क्योंकि पहले बेमौसम बारिश के कारण खेतों में लगी उर्द, तिली की फसल खराब हुई और अब जब मूंगफली की फसल को पानी की आवश्यकता है तब हम विद्युत विभाग की लापरवाही से चाह कर भी फसल को सिंचित नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि गगरयाना हार एवं कुशवाहा मोहल्ले क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग द्वारा दो डीपी ट्रांसफार्मर स्थापित की गई हैं। उक्त दोनों डीपी पिछले तीन महीने से खराब पड़ी हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों एवं किसानों ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराते हुए कई बार डीपी बदलने के लिए लिखित एवं मौखिक मांग की गई। लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते क्षेत्र कि दोनों डीपी न बदलने से क्षेत्र के किसानों को इसका खामियाजा अपनी फसल खराब होकर चुकाना पड़ रहा है। गौरतलब है की बेमौसम हुई बारिश से पहले ही उर्द, तिली की फसल पर असर पड़ा है, लेदेकर किसानों की पूरी उम्मीदें मूंगफली की फसल पर टिकी हैं, ऐसे में डीपी खराब होने से क्षेत्र के किसान मूंगफली की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते समय पर सिंचाई न होने से मूंगफली की फसल भी खराब होने की ओर है।

**अधिकारी बोले किसान हमारे अन्नदाता, तुरंत डीपी बदलवाते हैं:** किसान हमारे अन्नदाता हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने देंगें, दोनों डीपी आज ही बदली जा रही हैं, जेसीबी मशीन, डीपी आदि मशीनरी लेकर कर्मचारी बदलने के लिए निकल गए हैं।

**देव पटेल, जेई,** विद्युत विभाग नौगांव ग्रामीण

# बच्चों की हुई हृदय रोग की जांच



**छतरपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छतरपुर के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को चिरायू अस्पताल भोपाल के सहयोग से जिला अस्पताल में परिसर में शून्य से 18 वर्ष तक की उम्र के ऐसे बच्चों के उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जो विभिन्न हृदय रोगों से ग्रसित हैं।

शिविर में चिरायू अस्पताल भोपाल से आई चिकित्सकों की टीम की ओर से डॉ. सतीश ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम अंतर्गत इस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के लिए कुल 58 मरीजों के पंजीयन किए गए थे, जिनकी चार सदस्यीय चिकित्सक दल के द्वारा प्राथमिक जांच की गई। शिविर में 20 ऐसे बाल मरीज मिले जिन्हें भोपाल ले जाकर इलाज करने के लिए चिन्हित किया गया है, इन मरीजों का भोपाल में निन्शुल्क इलाज किया जाएगा।

# वर्षों से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी डीके सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वर्षों से फरार चल रहे इनामी वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गढ़ीमलहरा थना में दर्ज अपराध क्रमांक 145/18 धारा 294, 323, 506, 307, 34 आईपीसी के स्थाई वारंटी एवं अपराध क्रमांक 145/18 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 25/27 आर्म्स एक्ट के गिरफ्तार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और इसके बाद जेल में दाखिल किया गया। फरार स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इस कार्यवाही में निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सिंह, सहायक उपनिरीक्षक भैयालाल पटेल, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र त्रिपाठी, शेलेंद्र सिंह, रामलाल, देवेंद्र सिंह, जनक सिंह, आरक्षक शैलेष सिंह, यशवंत पटेल, प्रताप, थाना सिविल लाइन छतरपुर के आरक्षक चंद्रशेखर, नरेश सिंह व धर्मेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**हत्या का प्रयास करने वाले 5 फरार आरोपी गिरफ्तार :** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में महाराजपुर थाना प्रभारी संदीप दीक्षित की टीम ने हत्या का प्रयास करने के मामले में फरार चल रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी श्री दी?क्षित ने बताया कि महाराजपुर थाने में दर्ज अपराध क्रमांग 181/23 धारा 294, 323, 506, 325, 307, 34 आईपीसी में फरार चल रहे आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया है। उक्त आरोपियों ने 9 जुलाई 2023 को ग्राम खिरवा निवासी मनीराम पुत्र रामदयाल पटेल को जान से मारने की नियत से हमला किया था। घटना दिनांक से ही आरोपी फरार चल रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# हनुमान टौरिया में राम वन निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के प्रमुख आस्था केन्द्रों में शुमार हनुमान टौरिया क्षेत्र में आधुनिक साधनों से युक्त प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण राम वन पार्क का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को हनुमान टौरिया रावतन ट्रस्ट के द्वारा इस राम वन पार्क का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के इस कार्यक्रम में विधायक आलोक चतुर्वेदी, भाजपा नेत्री ललिता यादव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सिंह, समाजसेवी आनंद शुक्ला सिट्टले, भाजपा नेता सुरेन्द्र पप्पू चौरसिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा उठाया गया यह कदम स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि वे अपनी ओर से इस निर्माण कार्य को पूरा सहयोग देंगे। इसी तरह ललिता यादव और अर्चना सिंह ने भी उक्त भूमिपूजन कार्य की सराहना की। हनुमान टौरिया रावतन ट्रस्ट की ओर से नीरज भार्गव ने बताया कि पार्क के निर्माण में ट्रस्ट और समाज बराबर सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्क में एक्यूप्रेशर तकनीक से चिकित्सा की सुविधा, बच्चों के लिए झूले एवं सुंदर फब्बारे लगाए जाएंगे।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल : अध्यक्ष, उपयंत्री ने चलाया कचरा वाहन, पार्षदों ने उठाया कचरा



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर की सड़कों की सफाई के लिए पूरी तरह दैनिक वेतन भोगी सफाई कर्मचारियों पर निर्भर रही नगर परिषद हरपालपुर के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। नियमितीकरण की मांग को लेकर सफाई कर्मी भी हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है।

नगर की अधिकांश सड़कें कचरे से पट गई थीं, जिससे नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षदों, उपयंत्री को नागरिकों और व्यापारियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष अमित अग्रवाल व पार्षदों को मोर्चा संभालना पड़ा। उन्होंने खुद हाथों में झाड़ू थाम लगाकर कर कचरा एकत्रित कर वाहनों में डाला, इस दौरान हरिहर तोड़ बाजार, पुरानी गल्ला मंडी, मैन रोड़ सहित नगर के वार्डो में कचरा वाहन लेकर कचरा उठा कर सफाई की। जिसकी नगर में लोगों भूरी भरी प्रशंसा कर रहे हैं।

**इन क्षेत्रों से करीब तीन ट्रॉली कचरा एकत्र कर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा गया :** सफाई अभियान के दौरान नप अध्यक्ष अमित अग्रवाल, उपयंत्री गगन सूर्यवंशी पार्षद राजकुमार खटीक पार्षद प्रतिनिधि दिनेश अनुरागी, कल्लू यादव, अजय यादव पार्षद एवं युवा समाजसेवी शिवम अग्रवाल मौजूद रहे। एवं शहर का कचरा गाडीयों के माध्यम से इकट्ठा किया एवं पॉइंट पर से उठाया गया। वही नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नगरवासियों से स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की हैं।

### शोभायात्रा निकाली गई

**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** जैन धर्म के पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद हुई धर्मसभा में आर्यिका विबोध श्री माता जी ने कहा कि मनुष्य को शरीर से ज्यादा आत्मा की शुद्धि और पवित्रता पर ध्यान देना चाहिए। कस्बे के दिगम्बर जैन मंदिर से श्रीजी के विमान की शोभायात्रा निकाली गई यह शोभायात्रा पाटन मंदिर, बस स्टैंड, फौजदार मंदिर, चन्द्रप्रभु मन्दिर, होते वापस नवनिर्माणधीन जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। मंदिर पर पहुंचकर इंद्र के स्वरूप बने श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक किया गया। सभा में महेश देवडिया अध्यक्ष सकल दिगम्बर जैन समाज, राजेन्द्र जैन,शील देवडिया, सुशील मोदी, श्रेयांस फौजदार, रवि बजाज, नितिन चौधरी, पंकज जैन, संजीव जैन, महेश शास्त्री, दिगम्बर जैन समाज के महानुभाव मौजूद रहे। संचालन विपिन शास्त्री ने किया।

# बुंदेली गीतों ने मचाई धूम



**छतरपुर, देशबन्धु।** *श्रावण द्वादशी माँ अन्नपूर्णा मेला जलबिहार गल्लामण्डी के 80वें आयोजन की दूसरी शाम मंच से अपनी प्रस्तुति देते हुए बुन्देलखण्ड की प्रसिद्ध दूरदर्शन एवं आकाशवाणी कलाकार चिरईया प्रजापति व बाबूलाल मस्ताना की जोड़ी ने धूम मचाई वहीं उनकी पार्टी में शामिल कलाकार दशरथ हंसमुख, रजनी भारती, फेरन सिंह, वेन्जो पर नवल किशोर तिवारी,तबले पर रामसहाय नागर एवं ढोलक पर सोनकिया,अभिषेक जैन ने संगत देकर बुन्देली लोकगीतों से प्रस्तुत श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुन्देली लोकगीतों के पूर्व माँ अन्नपूर्णा की महाआरती की गई जिसमें मुख्य यजमान के रूप में वार्ड नं.10 से पार्षद श्रीमती मंजू भार्गव एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे सहित भारी संख्या में भक्त शामिल हुए।*


*मेला जलबिहार समिति के सह संयोजक दिलीप सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि महाआरती के पश्चात् मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अशोक दुबे ने कहा कि मेला जलबिहार से हमारी बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं, यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमें माँ अन्नपूर्णा की महाआरती में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ,हम हमेशा मेला समिति के सहयोग के लिए खड़े रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शासकीय महाविद्यालय महाराजपुर की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नीरज भार्गव ने अपने उद्बोधन में मेले के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए मेले के सफल संचालन के लिए अपने सुझाव भी दिये तथा विशिष्ट अतिथि पार्षद श्रीमती मंजू भार्गव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मेला समिति द्वारा लोकगीत कलाकार चिरईया प्रजापति एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।*

*मेला जलबिहार के सांस्कृतिक मंच से दिनांक 30 सितम्बर को जयप्रकाश पटैरिया एण्ड पार्टी द्वारा बुन्देली लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुति एवं 1 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, इसके अलावा 2 अक्टूबर को राखी आजाद उरई एवं नीलम विश्वकर्मा द्वारा जवाबी कीर्तन, 3 अक्टूबर को ब्लाइंड स्टार म्यूजिक ग्रुप के नेत्रहीन कलाकारों द्वारा आर्केस्ट्रा,4 अक्टूबर को पुन्न क्रांतिमाला कानपूर एवं शशिराजकमल रायबरेली द्वारा जवाबी कीर्तन तथा 5 अक्टूबर को खनिज देव सिंह एण्ड ग्रुप द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जायेगी।*

# अभिमत

*विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।*

## वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा



जगदीश रत्तनानी

दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के खिलाफ कहे गए अपमानजनक और सांप्रदायिक अपशब्द ऐसी भाषा है जो सड़कों पर भी कही जाने योग्य नहीं है और जिसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, यह भाषा सत्ता पक्ष की ओर से संसद में बोली जा रही है। इस तरह की भाषा बहस के स्तर की गिरावट का प्रतिनिधित्व करती है। इस स्तर पर भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता और ध्यान आकर्षित करने वाली बीमारी में फंस गई है। इसके कुछ महत्वाकांक्षी सदस्य खतरनाक तरीकों से मंच हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की कमी इस तरह के दुरुपयोग को वैध बनाती है। यह वास्तव में दूसरों को संदेश देती है कि इस कीचड़ में खेलना और 2024 के चुनावों की तैयारी के दौरान सांप्रदायिक घृणा के बढ़ते प्रसार में योगदान देना ठीक है। इसका हालिया उदाहरण भाजपा के एक अन्य सांसद का यह दावा है कि बिधूड़ी को उकसाया गया था। वह बयान भी इस मामले को और सांप्रदायिक बनाने का एक प्रयास है।

बिधूड़ी के अकथनीय और उग्र शब्द उस वक्त आए, जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बचाव करते हुए दिखाई दिए। इसे सामान्य परिस्थितियों में और आदर्श रूप से प्रधानमंत्री के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए। आरोप का जवाब देने के अन्य तरीके भी हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री ने चन्द्रमा मिशन का श्रेय इसरो को देने के बजाय इसका क्रेडिट खुद लिया।

अपशब्दों का प्रयोग कर आरोपों का खंडन करने से कोई फायदा नहीं होता है बल्कि इससे आरोप सही साबित होते हैं। आरोपों के गुण-दोषों की परवाह न करते हुए देखें तो ऐसी हरकतों से प्रधानमंत्री और पार्टी को नुकसान होता है और इससे नेतृत्व को शॉक लगना चाहिए। इसके अलावा बिधूड़ी ने अपनी असभ्यतापूर्ण हरकत से संसद के नए भवन में संसद के पहले सत्र को ही अपवित्र कर दिया जिसे भाजपा अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पेश कर रही थी। बिधूड़ी ने भाजपा की इस उपलब्धि का अपहरण कर लिया है। खुद प्रधानमंत्री ने संसद की नई इमारत को 'सिर्फ एक नई इमारत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक' कहा है। बिधूड़ी ने उस 'नई शुरुआत' को एक बहुत ही अशुभ अर्थ दे दिया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक से भी ध्यान हटा दिया जिसे प्रधानमंत्री ने एक ऐतिहासिक कानून तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला कहा था। बिधूड़ी की टिप्पणी उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद रविवार रात तक बिधूड़ी पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

इसमें मुख्य बात भाजपा की नई प्रकृति और चरित्र ही होना चाहिए क्योंकि वह 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह सत्ता में वापसी करेगी परन्तु ऐसा नहीं है कि उसे राहुल गांधी की ओर से मिलने वाले 'सरप्राईज' को लेकर कोई चिंता नहीं होगी। विपक्ष की एकजुटता को भले ही कुछ लोग एकजुट उपस्थिति के बजाय एक पैचवर्क समाधान के रूप में खारिज कर रहे हों लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। सत्ता-विरोधी एक मजबूत लहर भी चल रही है। इस लहर को सशक्त करने के लिए विपक्ष अपनी बात लोगों तक ले जा रहा है और जिसे सोशल मीडिया पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। विपक्ष अपनी ओर से इसमें भाजपा के पसंदीदा उद्योगपतियों (राहुल गांधी के शब्दों में 'एक एकाधिकारवादी मित्र') जिनका पार्टी नेतृत्व ने लगातार समर्थन किया है, के बारे में तथा सांप्रदायिकता पर गहन सामग्री उपलब्ध करा रहा है। इसमें भाजपा के अमीर समर्थक और जनविरोधी दृष्टिकोण, नोटबंदी से लेकर ईंधन और गैस सिलेंडर की ऊंची कीमतों से लेकर हाल ही में 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर तक का स्पेक्ट्रम चलाया गया है।

इन परिस्थितियों में और विशेष रूप से जब ऐसी खबरें हैं कि विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।

दानिश अली ने खुलेआम अपना दर्द व्यक्त किया कि जिस रात यह टिप्पणी की गई थी, उस रात वह सो नहीं सके। बिधूड़ी के इस घटिया भाषण की प्रकृति, भाजपा नेतृत्व की चुप्पी ठीक उसी तरह की है जैसे संसद के बाहर दुर्व्यवहार और हिंसा का चक्र चल रहा है। उत्पीड़ित लोग जो सवाल सड़कों पर पूछते हैं कि 'आम लोग न्याय के लिए कहां जाएंगे?' वह अब संसद तक पहुंच गया है। लोकसभा के एक सदस्य ने कहा है-'हम न्याय के लिए कहां जाएं?' इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह राष्ट्र के लिए एक भयानक गिरावट है।

इस गिरावट की जड़ में भाजपा का यह विश्वास है कि आक्रामक रूप से प्रहार करना बचाव का सबसे अच्छा तरीका है, यह कि हिंसा हमारे मिज़ाज़ में है और हिंसा का सामना दोगुनी हिंसा से किया जाना चाहिए, यह कि 'दूसरों' को नीचे रखा जाना चाहिए, यह कि नेतृत्व शब्द रूप, आकार और कार्रवाई में मर्दाना है। यह शक्ति और नियंत्रण की पुरानी भाषा है जो आज की दुनिया में समाप्त हो चुकी ताकत है। यह भाषा देश को कड़वाहट के कठोर और उजाड़ परिदृश्य के रूप में पेश करने का प्रतिनिधित्व करती है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं जिसमें अनुग्रह, प्रेम और एकजुटता के विचार नहीं हैं। बुनियादी ढांचे, व्यवसाय या आधुनिकता के अन्य उपकरण चाहे कितने भी उन्नत क्यों न हों, इन विचारों के अभाव में भारत एक राष्ट्र के रूप में नहीं बढ़ सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा को चुनौती देने के लिए इनमें से कुछ विचार सामने आएंगे। कांग्रेस ने हाल के दिनों में अक्सर 'प्रेम' की भाषा की बात की है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस बार भाजपा का प्रचार अभियान अच्छी तरह से चिकना-चुपड़ा, और भी अधिक चालाकी भरा, शानदार तरीके से वित्त पोषित तथा उचित समय पर आएगा।

पिछले लगभग एक महीने से इस अभियान के नमूने सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। भाजपा के संदेशों के साथ देश पर एक तरह की 'कार्पेट बाम्बिंग' की उम्मीद करें। मीडिया के चुनिंदा वर्ग उसकी जेब में होंगे। भाजपा के धन-बल के समक्ष विपक्ष का कोई मुकाबला नहीं होगा। फिर भी भाजपा की जीत की कोई गारंटी नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक बार कहा था- 'भारत में आप पैसे के अभाव में चुनाव हार सकते हैं, लेकिन आप कभी भी सिर्फ इसलिए चुनाव नहीं जीत सकते क्योंकि आपके पास पैसा है!' हालांकि धन के अनवरत प्रवाह से भरी भाजपा के पास संसाधनों का एक बड़ा भंडार है और यह कमी अभी भी विपक्ष को नुकसान पहुंचाएगी। हम औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार के बिगुल फूंके जाने का इंतजार कर रहे हैं।

**संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है?**

संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है? इस तरह यह एक ऐसे राष्ट्र के लक्षण हैं जो चंद्रमा तक पहुंचने के लिए सारी रुकावटों को तोड़ सकता है लेकिन यह लोगों के दिल और दिमाग में नई बाधाएं पैदा करता है।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस )**

## बीता सप्ताह

**23 सितंबर**

- बीजू दल की वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक ओडिशा विधानसभा की पहली महिला स्पीकर बनीं।
- घरेलू वन डे सीरिज में भारत की टीम ने तीन मैचों में आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया।
- सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में वैज्ञानिक सर्वेक्षण मांग वाली याचिका को खारिज कर दी।
- पोलैंड के राष्ट्रपति आंडेज डूडा ने ऐलान किया कि 2024 में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।

**24 सितंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों का संज्ञान लेते हुए सरकार से पूछा कि आपदा में शवों को संभालते हैं।
- प्रसिद्ध साहित्यकार, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े सुपुत्र केदारनाथ सिंह का निधन हो गया।
- एक देश एक चुनाव की पहली बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

**25 सितंबर**

- वैज्ञानिकों ने खोजा अनोखा ग्रह 'ग्लीज 267वीं ' इस ग्रह पर धरती से ज्यादा शुद्धतम लोहा व दोगुना घनत्व है।
- चीनी शोधकर्ताओं ने नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री विकसित करने में सफलता हासिल की।
- बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस-2023 की शुरुआत की।
- भारतीय नाविकों ने झारखंड में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता।

**26 सितंबर**

- चीन के हांगझोउ में एशियन गेम्स में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल्स टीम स्पर्धा में भारत के ऐश्वयप्रताप सिंह, दिव्याश सिंह और रुद्राक्ष पाटिल ने देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एन एम डी सी ने बेस्ट आर्गेनाइजेशन अवार्ड जीता।
- रक्षामंत्री सी-295 मालवाहक विमान वायुसेना के बेड़े में शामिल करते हुए एयर चीफ मार्शल को आर चौधरी को सौंपा।

**27 सितंबर**

- फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान का चयन किया गया है।
- देश की प्रतिष्ठित संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारियों को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 प्रदान किया।
- एशियाई खेल में घुड़सवारी में 41 साल के बाद भारत की सुदीप्ति हतेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा, और अनुज अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता।
- दिल्ली के जंगपुरा के एक ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ का सोना चोरी हो गया।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली टेनिस अकादमी शुरु हुई।

**28 सितंबर**

- छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के सरोदा दादर गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार दिया गया।
- कनाडा के एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी ईकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने व सम्मानित किए जाने के कारण संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल हसदानिया शहर के हॉल में विवाह समारोह के दौरान आग लग जाने से 114 लोगों की मृत्यु हो गई।
- फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंट रोमुअलडेज मार्कोस को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान कानून पर हस्ताक्षर किया।

**29 सितंबर**

- एशियन गेम्स हांगझोउ में भारत के सरबजीत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता।
- हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन का निधन हो गया।
- नासा के एक फ्रेंक रुबियो और दो अंतरिक्ष रूसी यात्री स्पेस में 371 दिन बिताकर धरती पर सकुशल लौटे।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी।

## महिला आरक्षण विधेयक : शकुनि का पांसा

■ संध्या शैली

अततः वोट कबाड़ने और सत्ता में बने रहने के लिये आखिरी पांसा भी फेंक दिया गया। 'मनुस्मति' को देश के संविधान से ऊपर मानने वाली, 'संविधान सभा' में हिंदू महिलाओं को अधिकार देने वाले 'हिंदू कोड बिल' के खिलाफ हंगामा करते हुये उसे पारित होने से रोकने वाली महिला विरोधी पलटन ने अंततः महिला आरक्षण के विधेयक को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से एक पांसे की तरह उछाल दिया है।

इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया? इसीलिए न कि अब लोकसभा और कई बड़े राज्यों के चुनाव सिर पर हैं।

कई महिला संगठन इस विधेयक को पारित करने और महिलाओं को विधायिकाओं में अधिकार देने की कई सालों से मांग कर रहे थे। दिल्ली और देश के कई शहरों, कस्बों और इलाकों में इसकी मांग करते हुये प्रदर्शन हुये, सेमीनार हुये, महिलाओं की बैठकें हुईं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी कोई दूध की धुली नहीं थी, लेकिन उस वक्त जब यह विधेयक राज्यसभा में पारित हुआ था तब लोकसभा में इसे पारित करने में अड़ंगे लगाने वाली भाजपा अब क्यों इस विधेयक को पारित करने का दिखावा कर रही है?

**इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया?**

वैसे किसी भी समाज या देश में बदलाव तभी होते हैं जब आम जनता उनके पक्ष में आवाज बुलंद करती है। देश के प्रगतिशील महिला आंदोलनों का ही परिणाम था कि प्रजातांत्रिक परंपराओं और धर्मनिपेक्षता की रक्षा करने के लिये संविधान में संशोधन होते रहे और कानून बनते रहे। 'राष्ट्रीय महिला आयोग' बना और हर राज्य में भी 'महिला आयोग' बने। देश में कामगार महिलाओं की दशा पर सरकार द्वारा एक अध्ययन करवाया गया और महिलाओं के पक्ष में कानून बनाने की कोशिश की गई।

दहेज हिंसा को परिभाषित करते हुये 498 ए जैसा कानून बना, देश में घरेलू हिंसा को रोकने के लिये अलग कानून बनाया गया, कार्यस्थल पर यौन हिंसा के खिलाफ कानून बना, यौन हिंसा की परिभाषा विस्तृत की गई, पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद उन्हें प्रशिक्षित किया गया और अब कई पंचायतों में महिलायें आधे से भी अधिक चुनी गई हैं।

माना कि इन तमाम कानूनों में कई खामियां हैं, लेकिन इन खामियों को दूर करने के लिये आवाज उठाई जा रही है। कुल मिलाकर आज नहीं तो कल महिला आरक्षण विधेयक पारित होना ही था। जो भाजपा हर साल हजारों महिलाओं की जान लेने वाले दहेज अपराध को रोकने के लिये बने 498 ए कानून को कमजोर करने में लगी हो, वह कैसे इस कानून को बनायेगी और महिलाओं को विधायिकाओं में पहुंचने का रास्ता साफ करेगी।

लोकसभा में पारित इस विधेयक और पूर्व में पारित विधेयकों में अंतर यही है कि पहले के विधेयक पारित होते ही लागू हुये थे, लेकिन इस ताजा कानून में पहले से ही 2029 तक की समय-सीमा लगा दी गयी है। यानि दो चुनावों को निपटाने के बाद। अब यह भी कहा जा रहा है कि परिसीमन और जनगणना, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों को तय करने के बाद यह कानून कार्यान्वित किया जायेगा। जनगणना कब होगी?

वर्ष 2021 की जनगणना कोरोना का कारण बताकर टाल दी गई, लेकिन घोषणा करने के बावजूद 2023 के खत्म होने तक उसकी प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। तो फिर यह आशा कैसे की जा सकती है कि अगली 2031 में होने वाली जनगणना के आंकड़े समय पर प्रकाशित होकर इस विधेयक के क्रियान्वयन की शर्तों को पूरा कर देंगे? उसके बाद होने वाले परिसीमन के पहले तो इस विधेयक का क्रियान्वयन होने से रहा।

दूसरी बात यह है कि जिस सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायकों पर बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण, हत्या के आरोप हों उससे क्या इस देश की महिलायें अपेक्षा कर सकती हैं कि इस विधेयक का क्रियान्वयन करेगी? क्या यह विडंबना नहीं है कि महिला पहलवानों का यौन शोषण करने वाला सांसद बृजभूषण सिंह 'महिला आरक्षण विधेयक' के पक्ष में हाथ उठाता है? महिला कोच को, जिसने भाजपा की हरियाणा सरकार के खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ शिकायत की थी, निलंबित कर देते हैं?

गुजरात में बिल्किस बानो की तीन साल की बच्ची की हत्या करने वालों और बिल्किस की छोटी बहन और मां सहित 11 महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार करने वाले अपराधियों को जेल में अच्छे व्यवहार का सर्टिफिकिट देकर जेल से रिहा करने की सिफारिश करती है? और जेल से रिहा होने के बाद उन बलात्कारियों का सार्वजनिक सम्मान करती है?

जिस सत्ताधारी पार्टी के नेता, विधायक, यहां तक कि महिला सांसद तक कठुआ में हुये घृणित बलात्कार और हत्या तक के प्रकरणों में आरोपी ही नहीं, वरन अपराधियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, उन्नाव के घृणित बलात्कार और हत्या के प्रकरण में तो भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर आरोपी ही नहीं, अपराधी भी साबित हो जाता है, लेकिन आज तक इन तमाम नेताओं को पार्टी से निलंबित नहीं किया जाता। इतना ही नहीं ये नेता उन मासूमों और उनके परिजनों को ही घृणित घटनाओं के लिये जिम्मेदार बता देते हैं।

मध्यप्रदेश में लगातार हुईं घटनायें इसी का सबूत देती हैं। अभी हाल में उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ हुआ लोमहर्षक कांड मौजूदा सरकार पर शर्मनाक धब्बा है। सागर के पास के गांव में एक युवती और उसकी मां के साथ हुई घटना इसका सबूत हैं कि स्थानीय हत्यारे दबंग नेता और मंत्री इसके लिये युवती और उसकी मां को चरित्रहीन और भाई, जिसकी हत्या कर दी गई, को चोर बता रहे हैं।

दरअसल इतिहास बताता है कि सत्तारूढ़ भाजपा और उसके मातृ संगठन आरएसएस का इस देश की महिलाओं के आंदोलनों में योगदान और देश की रवायत से कोई संबंध ही नहीं रहा है। जिन महिलाओं और देश के लोकतंत्र तथा समता के समर्थक दलों और संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर अब तक लड़ाई लड़ी है, उन्हें ही इसे वास्तविक बनाने की लड़ाई भी लड़नी और जीतनी होगी।

*(लेखिका 'अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति' की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और 'लोकजतन' की सह-सम्पादक हैं।)*

## 'गांधी की महिला फौज' : एक रोचक किताब?

■ रघुराज सिंह

महिला आरक्षण पर चहुंदिस जारी कीर्तन के विलक्षण दौर में, हाल ही में 'नेशनल बुक ट्रस्ट' से एक बहुत ही अलग ढंग की किताब छपी है, नाम है- 'गांधी की महिला फौज।' महीना-डेढ़ महीना पहले छपी इस किताब को लिखा है, वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द मोहन ने। जाने क्यों यह किताब अब तक बाजार में नहीं मिल रही?

पिछले साल अक्टूबर में अरविन्द मोहन को इसी विषय पर सुनते हुए लगा था कि यह महिलाओं और गांधी पर, महिलाओं के सशक्तिकरण की दृष्टि से एक अलहदा व्याख्यान है। व्याख्यान इसी पुस्तक पर आधारित था। किताब अगर व्यापक नजरिए से परखी जाए तो यह गांधी के दौर वाले भारत में औरतों के बदलाव का एक विस्तृत दस्तावेज है।

औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।

अरविन्द मोहन ने अपनी किताब में एक विस्तृत भूमिका के साथ, गांधी विचार को अभ्यास में लाने वाली 74 महिलाओं के जीवन के उन पहलुओं को दर्ज किया है जिनके बारे में लोगों की जानकारी बहुत कम है। ये अमीर भी हैं, गरीब भी और वे भी जिनका देश भर में ऊंचा रसूख रहा है। वे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, जातियों और वर्गों की हैं। उनमें विदेशी भी हैं जिनमें से ज्यादातर ने अपने हिन्दुस्तानी नाम रख लिए थे और गांधी के साथ हमकदम हुई थीं। उन्होंने अपना घर-परिवार छोड़ा और गांधी के विभिन्न आन्दोलनों से जुड़ीं।

आन्दोलन चाहे देश को आजाद कराने का रहा हो, सत्याग्रहों में आवक-जावक का या फिर सबसे नीचे के तबके की सेवा करने का। इनमें बहुतेरी महिलाएं गांधी विचार की आँच में तपकर खांटी राजनीतिज्ञ भी बनीं। उनके बारे में पढ़कर मालूम होता है कि गांधी-युग की कैसी और कौन-सी दुनिया थी, जब न तो महिला शिक्षा का प्रसार था और न ही तथाकथित आधुनिकता का प्रभाव। इनमें से ज्यादातर वे थीं जो परदे और घर की दहलीज के बाहर पहली बार निकलीं थीं।

**औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।**

किताब बताती है कि भारत लौटने के कुल 15 साल बाद गांधी ने वर्ष 1930 में जब 'नमक सत्याग्रह' शुरू किया, तब तमाम पाबंदियों के बावजूद बीस हजार से ज्यादा औरतों ने गिरफ्तारियां दी थीं। आज तक दुनिया भर में किसी क्रांति, किसी आन्दोलन में इतनी औरतें जेल नहीं गईं। औरतों को मताधिकार की वकालत गांधी तब करते हैं, जब दुनिया में इसकी चर्चा लगभग नहीं थी। परदे से निकलना या धरने पर जाकर चुपचाप बैठ जाना कोई क्रांतिकारी काम है, यह कल्पना गांधी ही कर सकते थे।

इस किताब में शामिल महिलाओं के बारे में लिखने के पहले अरविन्द मोहन गहरी खोजबीन करते हैं। वे कुछ और महिलाओं को लेकर भी लिखना चाहते थे, लेकिन उनके विषय में प्रामाणिक जानकारी का अभाव था। आन्दोलनों में जिस स्तर पर महिलाओं की भागीदारी रही उसमें 74 की संख्या एक प्रतिनिधि आंकड़ा ही कहा जाएगा।

किताब में जिन महिलाओं का जिक्र है, वह उनसे संबंधित आश्चर्यजनक जानकारियों से भरपूर है। सबसे पहले जिक्र ब्रिटिश मूल की नेल्ली सेनगुप्ता का, जिनके बारे में आज शायद ही कोई जानता हो। वे अपने बांग्ला मित्र से शादी कर इंग्लेंड से भारत आईं और जल्दी ही गांधी के प्रभाव में आकर खुद अपनी पितृभूमि के खिलाफ आन्दोलन में शामिल हो गईं और बार-बार जेल गईं।

वर्ष 1934 के कलकत्ता कांग्रेस-अधिवेशन के नामित अध्यक्ष मदनमोहन मालवीय को अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अंग्रेज सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय गांधी ने, जो स्वयं जेल में थे, नेल्ली सेनगुप्ता को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। इस विदेशी मूल की महिला ने सारी चुनौतियों का सामना करते हुए हजारों लोगों को जुटाकर अधिवेशन करा दिया। वे खुद अपना अध्यक्षीय भाषण नहीं कर सकीं, लेकिन कांग्रेस की तीसरी महिला अध्यक्ष होने के नाते अंग्रेजों को आन्दोलन की ताकत का अहसास करा दिया। आजादी के बाद उन्होंने अपना जीवन पूर्वी बंगाल (आज का बांग्लादेश) में रचनात्मक सक्रियता में बिताया।

गांधी के रचनात्मक आन्दोलनों से आजीवन जुड़ी रहीं दूसरी महिला थीं, कैथरीन मेरी हेईलमन जिन्हें गांधी ने ही सरला बहन नाम दिया था। ब्रिटेन में पढ़ाई के दौरान गांधी के अहिंसक संघर्ष का विचार उनको आकर्षित करने लगा। बहुत मुश्किलों के बाद गांधी ने उन्हें आश्रम में रहने की अनुमति दी। वे यहां रहकर पूरी तरह भारतीय रंग में ढल गईं और 1941 तक आश्रम में रहीं। बाद में गांधी ने उन्हें कुमाऊं भेजा, जहां उन्होंने श्रमशील, अशिक्षित महिलाओं के बीच लम्बे समय तक काम किया। सरला बहन ने शराबबंदी, खादी, प्राकृतिक खेती और जंगल की रखवाली जैसे कामों से वहां की महिलाओं को जोड़ा। बाद में ये ही महिलाएं विख्यात 'चिपको आंदोलन' की योद्धा बनीं। उन्होंने हिन्दी में बाईस किताबें भी लिखीं।

ऐसी ही एक और शख्सियत थीं, मार्गरेट कजिंस, जिन्होंने गांधी के रचनात्मक कामों और जीवन शैली को अपनाया और महिलाओं की जागृति, शिक्षा, महिला अधिकार और राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान दिया, जेल गईं। उनका अन्तिम संस्कार हिन्दू रीति से हुआ। उनके साथ ही सोंजा श्लेशिन, मार्जरी साइक्स, एश्थर फेयरिंग, मुरियल लिस्टर और मेडलीन स्लेड (मीरा बहन) भी हैं जिन्होंने गांधी के साथ जुड़कर विभिन्न राजनीतिक और रचनात्मक कामों में उनका साथ दिया।

ऊंची शिक्षा और अति प्रभावशाली खानदानों से निकलीं और गांधी से चमत्कृत होकर सारी सुख सुविधाएं छोड़कर आन्दोलनों और सत्याग्रहों में गहरे तक समा गईं कई महिलाएं बहुत से गांधीवादियों से आगे निकल गईं। इनमें पहला नाम है, डॉ. सुशीला नैयर का, जो आज के पाकिस्तान में जन्मीं। दिल्ली के मशहूर 'लेडी हार्डिंग कालेज' से डाक्टरी पढ़कर 1939 में जब वे 'सेवाग्राम' पहुंचीं, तब वहां भयंकर हैजा फैला था। वे इलाज और राहत के काम में जुट गईं। गांधी जी उनकी कम उम्र और सेवा के प्रति निष्ठा से बहुत प्रभावित हुए। डॉ. विधान चन्द्र राय की सलाह पर उन्होंने सुशीला नैयर को अपना निजी डाक्टर ही बना लिया।

सन् 42 के आन्दोलन में सुशीला भी बा और बापू के साथ जेल गईं। महादेव भाई और बा की मृत्यु इसी जेल प्रवास में हुई। इस दौर की डायरी उन्होंने रोज लिखी, गांधी जी ने इसे उपयुक्त माना। उनकी यह डायरी उस वक्त का सबसे भरोसेमंद इतिहास बताती है। 'सेवाग्राम आश्रम' में उन्होंने पहले 'कस्तूरबा अस्पताल' खोला, जो बाद में देश का विख्यात मेडीकल कालेज बना। गांधी के ब्रह्मचर्य के प्रयोग में साझीदार होने की पहली सार्वजनिक स्वीकृति उनकी ही थी। वे बाद में भारत की स्वास्थ्य मंत्री भी रहीं।

ऐसी ही एक दूसरी महिला राजकुमारी अमृत कौर थीं। नाम के अनुरूप वे कपूरथला राजघराने की राजकुमारी थीं जो परिवार के विरोध के बावजूद 'सेवाग्राम' आईं थीं। वे गांधी की निज सहायक भी रहीं। वे आक्सफोर्ड से पढ़ी-लिखी थीं। उन्होंने गांधी से प्रेरणा लेकर परदा-प्रथा का विरोध, देवदासी समाज के कल्याण और बाल-विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ व्यवस्थित काम किया। बाद में वे 'संविधान सभा' की सदस्य रहीं और आजाद भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री भी। दिल्ली में 'ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस' (एम्स) बनाने की पहल उन्हीं की थी। उन्होंने कई और स्वास्थ्य संस्थान भी बनाने में योगदान दिया। वे ईसाई थीं, लेकिन उनका अन्तिम संस्कार सिख रीति से हुआ।

गांधी के यहां सभी की जगह थी। आर्यसमाजी स्वामी श्रद्धानन्द की पोती सत्यवती, उडीसा के मुख्यमंत्री की पत्नी मालती चौधरी, केरल की अक्कम्मा चेरियन और अम्मू स्वामीनाथन, गांधी की गोद ली बेटी लक्ष्मी, दादा भाई नौरोजी परिवार की चार लड़कियां, गांधी से जूझने वाली बीबी अमतुस्सलाम, जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती, रेहाना तैयबजी, दोस्तों जैसी सरोजनी नायडू, अम्मा जैसी हैसियत वाली आब्दी बानो, 'स्वदेशी आन्दोलन' को आगे बढ़ाने वाली कम पढ़ी-लिखी गंगा बहन सभी गांधी के विशाल परिवार का अन्त तक हिस्सा बनी रहीं। महादेवी वर्मा, सुभद्राकुमारी चौहान, एमएस सुब्बुलक्ष्मी और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी साहित्यकार और कलाकार भी गांधी की टोली में रहीं। अरूणा आसफअली, सुभद्रा जोशी, सुचेता कृपलानी जैसी महिलाएं भी गांधी की फौज में थीं, बाद में जिन्होंने देश की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

अरविन्द मोहन के मुताबिक यह बदलाव अकेले गांधी ने नहीं किया। उनकी सही और संतुलित सोच, अच्छी रणनीति और कई बार औरतों के लिए विशेष अवसर देने का अपना महत्व है, लेकिन असल में यह काम तब सचेत हुई लड़कियों, गांधी और गांधीवादी नेताओं के सम्पर्क में आई महिलाओं ने किया। गांधी के आने और नेतृत्व तक पहुंचने के बाद जिस तरह महिलाएं सामने आईं और हर क्षेत्र में सक्रिय हुईं वह अपने आप में मिसाल है, लेकिन यह किताब गांधी के 'जादू' पर नहीं है। यह उनके प्रभाव से सामने आईं हजारों बहादुर महिलाओं में से कुछ की कहानी पर है। इन्होंने सिर्फ अपना रूपया-पैसा और गहना ही समर्पित नहीं किया, गांधी और मुल्क पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

**( लेखक लंबे समय तक मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग में वरिष्ठ पद पर रहे हैं। )**

### आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध कट्टा, 1 जिन्दा कारतूस व अल्टो कार जप्त

# अवैध कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**पन्ना, देशबन्धु।** फरियादी शुभकरण शुक्ला पिता सूरज प्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम भिलसाय द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में रिपोर्ट की गई कि अर्जुन सिंह बघेल पिता जयप्रताप सिंह बघेल निवासी बंधाटोला मानपुर थाना मानपुर जिला उमरिया मप्र का अपनी ससुराल भिलसाय आया था जो 27 सितम्बर की रात करीब 10.30 बजे एक सफेद रंग की अल्टो कार से मेरे घर के सामने बुरी बुरी गालिया देकर कट्टे से दो राउन्ड फायर किया व जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। फायर होने की वजह से गांव के लोग दहशत में है।

फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध थाना देवेन्द्रनगर में अप. क्र.317/2023 धारा 294, 336, 506 भादवि का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि रतीराम प्रजापति द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा द्वारा आरोपी की तलाश कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। अति. पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व अनु. अधिकारी पुलिस एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उप निरी. आर.आर प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश संभावित स्थानो में की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया, साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से जानकारी मंगाई गई। मुखविर सूचना पर आरोपी को फुलवारी मोड के पास सफेद रंग की अल्टो कार क्र. एमपी 54 सी 1681 के साथ अवैध रूप से 315 बोर का कट्टा व एक नग जिन्दा कारतूस लिये पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से उपरोक्त अल्टो कार व 315 बोर का कट्टा कारतूस जप्त किया गया। थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी के विरूद्ध पृथक से अपराध क्र. 318/2023 धारा 25/27 आर्मस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी अर्जुन सिंह बघेल पिता जयप्रताप सिंह बघेल निवासी बंधाटोला मानपुर थाना मानपुर जिला उमरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पन्ना में पेश किया गया। आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध थाना मानपुर जिला उमरिया में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, एससी एसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट के कई प्रकरण पंजीबद्ध है थाना जयसिंह नगर उमरिया में अवैध शस्त्र रखने का मामला भी आरोपी के विरूद्ध पूर्व में पंजीबद्ध है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से एक अल्टो 800 कार क्र. एमपी 54 सी1681 कीमत 1,50,000 रुपये एवं व 315 बोर का कट्टा एक नग जिन्दा कारतूस कीमत 3,100 रुपये, 2 नग मोबाईल कीमत 20,000 रुपये कुल मशरूका 1,73,100 को जप्त किया।

### लाखों रुपए खर्च के बावजूद जिले में गायों की दुर्दशा

## सड़क पर डेरा जमाये बैठी रहती हैं गाय, रोज होते हैं हादसे



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार गायों की सेवा करने और उन्हें सुरक्षित रखने के नाम पर लाखों रूपये खर्च कर रही है, मगर सुविधाओं के नाम पर यहां कोई काम होता नहीं दिख रहा। सरकारी गौशाला में गौवंश की ऐसी दुर्दशा देख सरकारी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े होने लगे हैं। गौवंश सड़को पर न भटके इसके लिए लाखों रुपए खर्च कर सरकार ने गौशाला बनाई। इसके बावजूद शहर हो या गांव, पन्ना जिले में गोवंश की दुर्दशा हो रही है। यहां बनाई गई गौशाला खाली हैं और सैकड़ों गाय सड़कों पर बैठी हैं। यहां जिले भर में शाम होते ही पूरी रात हाईवे हो या शहर की सड़कें सभी जगह गौ वंश डेरा जमाये बैठी रहती हैं। जिसके कारण सड़कों पर दुर्घटनाएं हो रही है, ऐसा कोई दिन नहीं होता जिस दिन गौवंश या वाहन चालक सड़क दुर्घटना का शिकार न हो, उसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस और कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। विगत दिनों अजयगढ़ बांदा नेशनल हाईवे पर रात के समय अज्ञात वाहन की टक्कर से छह गायों की मौत हो गई थी, उसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा घटनाक्रम से कोई सीख नहीं ली गई। जिससे पन्ना जिले में सैकड़ों गाय अलग-अलग जगह झुंड बना कर बैठी मिलती हैं जिसके कारण यहां की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई, यहां से निकल रहे वाहन चलाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। इन दिनों सैकड़ों गाय ऐसी है जिनका रहने और खाने पीने का कोई इंतजाम नहीं है। जिसके कारण गाय खाने की तलाश में गलियों और सड़क पर भटकती रहती है। जिसके कारण सड़कों पर जाम लग जाता है, सड़क पर बैठी गायों के कारण ही यहां जिले में आए दिन दुर्घटना हो रही है।

# स्वसहायता समूह के उत्पाद प्रदर्शनी एवं विक्रय मेला का किया अवलोकन



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने शुक्रवार को स्थानीय टाउन हॉल पहुंचकर स्वसहायता समूह द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय मेला का अवलोकन किया। समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अधिकाधिक प्रचार प्रसार और विपणन के उद्देश्य से तीन दिवसीय मेला 1 अक्टूबर तक लगाया गया है। इस मेले में 20 स्टॉल के माध्यम से उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सभी सामग्री मिलावट रहित और उच्च गुणवत्ता की है। साथ ही स्थानीय बाजार से कम दर पर उपलब्ध कराई गई है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन प्रमोद शुक्ला एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा स्टाल पर पहुंचकर समूह की महिलाओं से चर्चा कर उत्पाद के बारे में जानकारी ली गई। उत्पादों की गुणवत्ता और महिलाओं के कौशल की सराहना की। कलेक्टर ने महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए जिला प्रशासन द्वारा उत्पादों के विक्रय और मार्केटिंग के लिए हरसंभव सहयोग की बात कही।

# शराब का अवैध रूप से विक्रय करने वाले आरोपी को कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप मे इस प्रकार है कि थाना रैपुरा में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक यशवंत सिंह 31 अगस्त 2023 को हमराह प्र. आरक्षक बालमुकुन्द पटेल के साथ देहात भ्रमण हेतु रवाना हुए जहां कस्बा भ्रमण के दौरान भ्रमण मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति ग्राम पिपरिया कला में अपने घर के सामने अवैध शराब बेच रहा है।

उक्त सूचना की तस्दीक हेतु राहगीर गवाह विनोद वाल्मीक को सूचना के बारे में अवगत कराकर हमराह स्टाफ एवं राहगीर गवाह के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति अपने घर के सामने थैला लिये बैठा था जिसे हमराह बल व गवाह की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा तथा नाम पता पूछा एवं तलाशी लेने पर उसके पास से 22 क्वाटर देशी प्लेन मदिरा मिली, जिससे शराब ले जाने व बेचने के संबंध में वैद्य कागजात मांगे जिसने कोई कागजात न होना बताया।

आरोपी का कृत्य धारा 34(1) म.प्र. आबकारी अधिनियम का घटित होने से उक्त देशी मदिरा को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पवई जिला पन्ना के न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी करते हुए रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया न्यायालय के समक्ष आरोपी मुन्ना खंगार को संदेह से परे प्रमाणित किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी मुन्ना खंगार को धारा 34 (1) आबकारी अधिनियम के आरोप में न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# आयकर एवं वृत्तिकर की नियमित रूप से करें कटौती

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से कहा है कि शासकीय सेवकों को नियमित रूप से भुगतान किये जा रहे वेतन एवं भत्तों और एरियस राशि से आयकर एवं वृत्तिकर की कटौती की जाए। कतिपय शासकीय कार्यालयों में शासकीय सेवकों के वेतन भत्तों से आयकर राशि की कटौती मार्च माह में मिलने वाले फरवरी माह की वेतन से एक मुश्त की जा रही है, जबकि किन्हीं कारणों से फरवरी की वेतन का भुगतान मार्च माह में नहीं होने पर वित्तीय वर्ष के लिए लागू आयकर एवं वृत्ति कर राशि की कटौती आगामी वित्तीय वर्ष में की जाती है।

यह शासकीय नियमों के विपरीत है। कोषालय अधिकारी ने बताया कि आयकर अधिनियम में निहित प्रावधान के अनुसार जिन आयकरदाताओं का वार्षिक आयकर 10 हजार रूपए अथवा अधिक है, उन्हें अग्रिम आयकर अदा करना जरूरी है। आयकर का 15 प्रतिशत 15 जून तक, 30 प्रतिशत 15 सितम्बर तक, 30 प्रतिशत 15 दिसम्बर तक और शेष 25 प्रतिशत राशि 15 मार्च तक जमा कराना अनिवार्य है। अग्रिम आयकर नहीं चुकाने अथवा विलंब से अदा करने या कम राशि अदा करने पर एक प्रतिशत मासिक ब्याज का प्रावधान है। यह निर्धारण पर लगने वाले कुल वास्तविक आयकर का 90 प्रतिशत से कम जमा करने पर लागू होता है। अतः सभी डीडीओ को अधीनस्थ शासकीय सेवकों के वेतन व भत्तों तथा एरियर राशि से आयकर कटौती के संबंध में समयावधि में नियमित रूप से आयकर की अग्रिम कटौती के लिए कहा गया है। कटौती न होने की स्थिति में भविष्य में किसी भी वांछित कार्यवाही के लिए आहरण संवितरण अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

## देवीदीन आसू गुनौर विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी घोषित

पन्ना, देशबन्धु। बहुजन समाज पार्टी ने मप्र में लगभग एक दर्जन प्रत्याशियो की घोषणा की है।

जिसमे जिले के गुनौर विधानसभा से देवीदीन आसू को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया है। देवीदीन पिछला विधानसभा चुनाव भी बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड चुके है।

## लाडली बहनों के गैस कनेक्शन के आवेदन की प्रक्रिया जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** लाड़ली बहना योजना की ऐसी महिला हितग्राही जिनके स्वंय के नाम से एलपीजी गैस 14.2 किलोग्राम का कनेक्शन है उन्हें 450 रूपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराए जाने हेतु पंजीयन कार्य सतत क्रियान्वित है।

## इंदौर सिवनी पंचवैली और हमसफर सहित कुछ ट्रेने निरस्त

**भोपाल, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के भोपाल-इटारसी रेल खण्ड पर जुझारपुर में रेलवे का मेंटनेंस कार्य किया जाना है। इसके चलते इस कार्य के दौरान इस मार्ग पर चलने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस 29 एवं 30 सितंबर को तथा छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस 29, 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर को निरस्त रहेगी। नागपुर-जयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 28 सितंबर को तथा जयपुर-नागपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 सितंबर को निरस्त रहेगी। नागपुर-अमृतसर साप्ताहिक एसी एक्सप्रेस 30 सितंबर को तथा अमृतसर-नागपुर साप्ताहिक एसी एक्सप्रेस 2 अक्टूबर को निरस्त रहेगी ।


**कार्यालय नगर परिषद बांदरी जिला सागर**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/2058 बांदरी दिनांक 29.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptendrrs.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं आमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 313499_1 30.10.2023 | वार्ड क्रं. 15 वेंडर मार्केट में गजाबो का निर्माण | 1. 03 माह 2. 8.13 लाख | 1. 2000/- 2. 8200/- | 09.10.2023 |

**नोटः**- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बांदरी जिला सागर**



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सागर म.प्र.**

**नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन कक्ष क्रं. 140**

दूरभाष- 07582-224543 फैक्स 07582-224543

E-mail-deosaugour@gmail.com

क्रमांक/1215/निर्वाचन/चु.पर्य./2023 सागर, दिनांक 23.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए उपयोग किये जाने वाले फ्लेक्स, बैनर, होडिंग, पंपलेट आदि हेतु ई-निविदायें पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तो के अधीन दिनांक 05.10.2023 को समय अपरांह 5.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाकार निर्धारित शुल्क 500/- अंकन पांच सौ रुपये मात्र जमा कर निविदा फार्म जमा किया जा सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में भी देखा जा सकता है।

जी-20552/23

**कलेक्टर एवं**
**जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सागर**


# भेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने किया कारखाने का अवलोकन

**भोपाल, देशबन्धु।** भेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी शिवपाल सिंह ने गुरुवार को भेल भोपाल का अवलोकन किया। उन्होंने कारखाने के सभी नौ विभागों का भ्रमण किया। काम कर रहे कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों, कार्यपालकों से बात कर कहा कि हमें उत्पादों की गुणता के साथ कंपनी के लाभ पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने ग्राहक संतुष्टि और भेल की साख को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया।

मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सभी विभागों के महाप्रबंधकों तथा डीआरओ से चर्चा करते हुए उनके विभागों में हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विजिलेंस के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कंपनी की सभी नीतियां पारदर्शी होनी चाहिए और सभी जानकारी कर्मचारियों के हर वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने दस्तावेज सही और ईमानदारी से बनाने पर बल देते हुए कहा कि टेंडरिंग करते हुए हमें कंपनी के नियमों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्थानांतरण होता रहता है और दस्तावेज हमेशा मौजूद रहते हैं। अतः दस्तावेज अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। जब तक हम स्पष्ट, ईमानदार और नीतिपरक नहीं होंगे तो न कंपनी को फायदा होगा।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मैकेनिकल खण्ड, सागर**

Phone No. 07582-223019, E- Mail ID:- eephemsag@rediffmail.com

क्रमांक- 1772/तक./का.यं./ लो. स्वा.यां.मैके. खण्ड/ सागर, दिनांक 25/09/2023

निविदा आमंत्रण सूचना 10/2023-24 दिनांक 25-09-2023

Tender ID :- 2023_PHED_ 311676_ 1

निम्न कार्य हेतु विभागीय एस. ओ. आर. दिनांक 01/09/2023 से प्रभावशील में समय-समय पर हुए संशोधन सहित ऑन लाइन निविदा वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर अपेण्डेक्स 2.10 पर (फार्म-ए) में प्रतिशत दर पर नीचे लिखे निर्धारित Key Date के अनुसार आमंत्रित की गई है।

निविदा का कवर अ (Cover-1) एवं लिफाफा स Cover-2 financial Bid) ऑन लाईन ही Submit करने होगे इन्हे भौतिक रूप से जमा नही किया जावेगा। निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। यह विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (PAC) रू. लाख में | अमानत राशि (EMD) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | कार्य पूर्ण करने की अविधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पन्ना- जिले के विभिन्न विकास खण्डो में विभागीय मशीनों से खनित सफल नलकूपो पर 25 नग हैडपंप स्थापना एवं 50 नग प्लेटफार्म का निर्माण कार्य (प्लेटफार्म, वासिग प्लेटफार्म, नाली, सोकज पिट) (यूनिसेफ डिजाइन पर एस.ओ.आर. मे दी गई ड्राईंग डिजाइन के अनुसार) | 4.94 + GST Extra | 9884/- | 2000/- | 12 माह (वर्षाकाल छोड़कर) |

1- आन लाइन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक :- 29-09-2023
2-आन लाइन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक :- 10-10-2023
3- आन लाइन निविदा खुलने का दिनांक :- 12-10-2023

**शर्तेः**- संलग्न एवं शर्ते 1 से 30 तक।

जी-20536/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मैकेनिकल खण्ड सागर**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड टीकमगढ़ म.प्र.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेंडरिंग पद्धति से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर टीकमगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में पेयजल व्यवस्था किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यों की निविदायें आमंत्रित है।

| ऑनलाईन टेंडर नं. | नि.आ. सू. क्रं. दिनांक | विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य प्रति समूह | कार्य पूर्ण की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023_ PHED_ 312909_1 | 45/ 2023-24 | जिला निवाडी के उपखण्ड निवाड़ी के विकासखण्डों निवाड़ी एवं पृथ्वीपुर के हैंडपंपों के वृहद एवं लघु सुधार हेतु संधारण वाहन उपलब्ध कराने संधारण सामग्री ले जाने तथा पुरानी सामग्री भंडार गृह में वापस जमा करने मय लेबर उपलब्ध कराने सहित हैण्डपम्प संधारण संबंधी कार्य। | 54.12 | 54120/- | 10000/- | 01 वर्ष वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |

निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज मय धरोहर राशि के दिनांक 04.10.2023 सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन ही अपलोड किये जावेंगे। ऑफलाईन प्राप्त दस्तावेजों या एफ.डी.आर. वाले निविदा प्रपत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

समस्त विवरण https://mptenders.gov.in/nicgep/app वेबसाइट पर/अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन ही क्रय किये जा सकते है एवं निविदा दरें ऑनलाइन ही प्रस्तुत करनी होगी। समस्त प्रक्रिया 'की डेट्स' अनुसार करनी होगी। भविष्य में निविदा आमंत्रण सूचना में किये जाने वाले संशोधन ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रदर्शित होंगे। समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित नहीं किये जावेगे।

जी-20553/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड टीकमगढ़ म.प्र.**


## उर्दू पांडुलिपियां 15 तक आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद द्वारा उर्दू पाण्डु लिपियों के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता देने की योजना में प्रदेश के साहित्यकारों और शायरों से उर्दू पाण्डु लिपियाँ 15 अक्टूबर तक आमंत्रित की गई है। ये पाण्डुलिपियाँ मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी में जमा की जा सकेंगी । पांडुलिपी के साथ मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से लगाया जाना होगा।

# चॉकलेट के बहाने मासूम को खंडहर ले गया आरोपी, ग्रामीणों ने पकड़कर पेड़ से बांधा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़ में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के टपरन गांव में ढाई साल की बच्ची के अपहरण के संदेह में ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ा। गांव के लोगों ने आरोपी युवक को पेड़ से बांधकर कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

कोतवाली टीआई आनंद राज ने बताया कि थाना क्षेत्र के टपरन गांव में ढाई साल की बच्ची के अपहरण की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। बच्ची की दादी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर के अंदर घरेलू कामकाज कर रही थी। दोपहर के समय एक अज्ञात युवक घर के बाहर खेल रही उसकी ढाई साल की नातिन को लेकर चला गया। तभी पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने आकर बताया कि कोई बाहर का व्यक्ति उसकी नातिन को पास के क्षतिग्रस्त टपरे में ले गया है। जानकारी रखते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। गांव के लोग इकट्ठा हो गए और बच्ची की तलाश शुरू की। इस दौरान एक क्षतिग्रस्त मकान में बच्ची के साथ आरोपी युवक को पकड़ा गया। लोगों ने उसे पकड़कर पेड़ से बांध दिया और कोतवाली पुलिस को सूचना कर दी।

## यूपी का रहने वाला है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी यूपी के ललितपुर जिले के सोजना थाना क्षेत्र जगारा गांव का निवासी है। उसने अपना नाम नन्ने दाऊ यादव पुत्र अनंतराम यादव (19) बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 342, 363 के तहत मामला दर्ज कर आज न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जैन समाज के लोगों ने लगाई झाड़ू, 4 दिनों से सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जैन समाज के 10 लक्षण पर्व के समापन पर शुक्रवार को शहर में शोभायात्रा निकाली जाना है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। ऐसे हालत में शोभायात्रा से पहले आज जैन समाज के युवाओं ने प्रमुख सड़कों पर झाड़ू लगाकर साफसफाई की।

दरअसल, पिछले 4 दिनों से नगर पालिका के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। गुरुवार को ईद और गणेश विसर्जन के चलते भाजपा कांग्रेस के पार्षदों के साथ समाजसेवी युवाओं ने शहर की प्रमुख सड़कों पर झाड़ू लगाकर साफ सफाई की थी। आज जैन समाज के पर्युषण पर्व के समापन पर शोभा यात्रा निकाली जाना है। शोभा यात्रा मार्ग पर फैली गंदगी को देखते हुए जैन समाज के युवाओं ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान जैन समाज के दो दर्जन से ज्यादा युवाओं ने शोभायात्रा मार्ग पर साफसफाई कर कचरे में आग लगाई। इस दौरान मंदिर समिति के पुष्पेंद्र जैन ने कहा कि 10 दिनों तक व्रत रखने के बाद आज समाज के लोग श्रीजी की शोभायात्रा निकालेंगे। शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह कचरा फैला है। नगर पालिका की ओर से सफाई के कोई इंतजाम नहीं किए गए। जिसके चलते जैन समाज के लोगों ने आज शोभायात्रा मार्ग पर सफाई अभियान चलाया है।

## नगर पालिका पर लगाए उदासीनता के आरोप

सफाई अभियान के दौरान भाजपा के पूर्व पार्षद प्रत्येंद्र सिंघई ने कहा कि त्योहारों के दौरान नगर पालिका की ओर से सफाई के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। अधिकारियों का रवैया उदासीन है। कांग्रेस नेता अनिल बड़कुल ने कहा कि अगर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं तो नगर पालिका को सफाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिए।

# राज्यमंत्री ने नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय का फीता काटकर किया शुभारंभ



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी ने नवनिर्मित नवीन एसडीएम कार्यालय का फीता काटकर कर लोकअर्पण कर कार्यालय का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम नवीन भवन में मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी का फूल माला पहनकर एसडीम ने स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह लोधी नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी मिश्रा विधायक प्रतिनिधि विश्व दीपक मिश्रा, एसडीएम विजय सिंह, तहसीलदार पीयूष दीक्षित मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिलान्यास के बाद मुख्य अतिथि राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी ने कहा कि जिले का पहले एसडीएम भवन बल्देवगढ़ में बना है। यह भवन बनने लोगों के समय पर काम होंगे और इसके साथ कई लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान जितने कामों के बाद ही जनता से किए थे, वह पूरी किए हैं। उन्होंने कहा कि बल्देवगढ़ नगर में 10 करोड रुपए की लागत से ग्वाल सागर तालाब में भवर शंकर जी की प्रतिमा बनाई जाएगी और तालाब के चारों ओर सौंदर्य करण करवाया जाएगा जिससे टूरिस्ट बल्देवगढ़ में आए और बल्देवगढ़ के तालाब में बोर्ड भी चलवाई जाएगी वही तालाब के बीचो-बीच एक होटल का निर्माण भी किया जाएगा जो बल्देवगढ़ की शोभा में चार-चार चांद लगाएगा।

## परम भक्त निषादराज प्रतिमा का किया पूजन

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर के नवनिर्मित निषादराज पार्क मे स्थापित भगवान राम के परम भक्त निषादराज प्रतिमा की स्थापना एवं पूजन का कार्यक्रम मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री राहुल सिंह के द्वारा कराया गया। दोपहर 12 बजे पूजन विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया पूजन पूर्ण होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहुल सिंह ने कहा भक्तभगवान निषादराज भगवान राम के प्रिय सखा थे। निषादराज ने भवसागर पार लगाने वाले भगवान को कठिन समय मे पथ एवं नदी पार कराने मे सहयोग किया था। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि बल्देवगढ़ संभाग पहला स्थान है, जहाँ पर निषादराज की इतनी भव्य प्रतिमा बनकर तैयार हुई है। इस प्रतिमा का शीघ्र ही एक भव्य आयोजन करके लोकार्पण किया जायेगा। इस आयोजन मे प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष संदीप पायक, सुरेन्द्र लोधी, नपा उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा, सीएमओ अरविन्द तिवारी, पार्षद स्माइल अली, नारायणदास सोनी, आरती नायक, संध्या चौरसिया, सुखवती आदिवासी, नारायण कुशवाहा एवं नंदू चौरसिया, मनोज रैकवार, कल्लू रैकवार, दयाचंद राय, राजू रैकवार, जगदीश रैकवार, किशन रैकवार सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# जिला चिकित्सालय में विश्व हृदय दिवस आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभराम रोशन के निर्देशन में जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगल भवन मे विश्व हृदय दिवस का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय में डॉ. विकास जैन एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंगल भवन में डॉ.केएम वरूण जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने मेडीकल स्टाफसहित हितग्राहियों की एनसीडी स्क्रीनिंग, रक्त जांच, एवं हृदय संबंधी बीमारियो के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं सभी के द्वारा हृदय रोग से बचने हेतु स्वस्थ्य जीवनशेली अपनाने की प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम प्रबंधक अंकित रावत, जिला कम्यूनिटी मोबलाइजर प्रबल त्रिपाठी, जिला मीडिया अधिकारी मनोज नायक सहित स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के 32 युवकों को दिया गया निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कृषि उपज मण्डी के सामने ढ़ोगा टीकमगढ़ में आज को संस्थान में एक माह चले कम्प्यूटर आकउंटिग प्रशिक्षण का समापन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामों से आये हुये 32 युवकों को 30 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। आरसेटी डायरेक्टर ने बताया कि वर्तमान में संस्थान में (कस्टम ज्वैलरी उद्यमी) महिला अभूषण, बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं, जिसमें 35 महिलायें कार्य सीख रही हैं। संस्थान में ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियो को निःशुल्क प्रशिक्षण, भोजन तथा आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है, कोई भी ग्रामीण युवक, युवतियां जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष है वह यहाँ होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत, मोटर साइकिल मरम्मत, मोबाइल फोन मरम्मत, कम्प्यूटर एकाउटिंग, सिलाई प्रषिक्षण, ब्यूटी पार्लर प्रबंधन, पेपर कवर लिफाफे निर्माण, आचार पापड़ निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, डेयरी प्रबंधन एवं केचुआ खाद, इत्यादि में अपना पंजीयन कराकर फ्री आवासीय आगामी प्रषिक्षण कार्यक्रमो में भाग ले सकते है। अतः पंजीयन कराने के लिये संस्था में आकर आवेदन कर सकते है। डायरेक्टर विवेक रघुंवशी से फोन नं. 9619726866 पर सम्पर्क कर सकते है। समापन समारोह में डायरेक्टर विवेक रघुंवशी, फैकल्टी दुर्गेश कालरा, विवेक विश्वकर्मा, आफिस असिस्टेंट, सोवरन रैकवार तथा राहुल कुशवाहा मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस 1 अक्टूबर को

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वरिष्ठजनों को आत्मीय सम्मान देने के लिये एक अक्टूबर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। यूनाईटेड नेषन्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एक अक्टूबर आयोजन के लिये थीम बदलती दुनिया में वृद्धजनों को अनुकूल बनाना निर्धारित की गई हैं। कार्यक्रम के तहत एक अक्टूबर पर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा जिले में संचालित वरिष्ठ आश्रमों में निवासरत वृद्धजनों को संस्था स्तर पर ही सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के इंडोर खेल जैसे केरम बोर्ड, छूडो, शतरंज, गीत एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठजनों को शतायु सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

# एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान 2 अक्टूबर को

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा 2023 अंतर्गत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को आदरांजलि दिए जाने हेतु प्रदेश के सभी ग्रामों जनपदों, जिलों में एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से एक साथ एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य गणमान्य भी मैदानी स्तर पर स्वच्छता के लिए श्रमदान शामिल होंगे। कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर नोडल अधिकारी जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) मनीष जैन एवं सहायक नोडल अधिकारी राजकुमार यादव, ब्लॉक समन्वयक मनरेगा होंगे। साथ ही ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं सहायक नोडल अधिकारी ब्लॉक समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन जनपद पंचायत होंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकार जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन निर्देशित किया है कि कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक अक्टूबर को एक घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत का होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एक अक्टूबर को समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे प्रत्येक ग्राम पंचायत, ग्राम में आयोजित होने वाले इस मेगा स्वच्छता अभियान के लिए शासन के आदेषानुसार समस्त निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही पोर्टल पर अभियान की फोटो अपलोड करने के उपरांत ईवेंट क्लोज करायें।

## गांधी जयंती को शुष्क दिवस घोषित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर अवधेश शर्मा ने आदेशित किया है कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती को संपूर्ण दिवस के लिये जिला टीकमगढ़ की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं देषी मद्याभाण्डागार बंद किया जाना आदेषित किया गया है। शुष्क दिवस में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, अधिपत्य, परिवहन एवं विक्रय नहीं होने का समुचित ध्यान रखा जाये। संबंधित वृत्त, थाना प्रभारियों को निर्देषित किया गया है कि किसी प्रकार की मदिरा का क्रय-विक्रय होने की स्थिति में वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## 2 हजार के इनामी स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

टीकमगढ़, देशबन्धु। थाना बम्होरीकलां पुलिस ने कडी मेहनत से काकनपुरा से ईनामी स्थाई वारंटी आरोपी बलराम कुम्हार पिता भन्ते कुम्हार उम्र 40 वर्ष निवासी काकनपुरा थाना बम्हौरी कलां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में उप निरी. रामसिया चौधरी थाना प्रभारी बम्होरीकलां, अवध किशोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महेंद्र सागर तालाब पर लोगों ने दिया पितरों को पानी, पंडितों ने विधि-विधान से कराई तर्पण क्रियाएं



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्नान दान पूर्णिमा के साथ ही शुक्रवार से पितृपक्ष शुरू हो गए हैं। शहर के महेंद्र सागर तालाब स्थित पितृ तर्पण घाट पर पहुंचकर लोगों ने अपने-अपने पूर्वजों को पानी देकर आह्वान किया। इस दौरान पंडितों ने विधि विधान से तर्पण की क्रियाएं कराई। पंडित बद्री महाराज ने बताया कि पूर्णिमा के साथ ही आज से पितृपक्ष शुरू हो गए हैं। कल परमा तिथि के साथ श्राद्ध कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज सुबह से ही बड़ी संख्या में शहर के लोग महेंद्र सागर तालाब स्थित पितृ तर्पण घाट पर पूर्वजों को पानी देने पहुंचे। पंडितों ने विधि विधान से तर्पण क्रियाएं कराकर पितरों को पानी दिलाया। उन्होंने बताया कि अगले 15 दिनों तक तालाब पर इसी तरह क्रियाएं चलेगी। पितृ मोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध पक्ष का समापन हो जाएगा। इस दौरान लोग अपने-अपने पूर्वजों को जल देकर उनके सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। पंडित कौस्तुभ तिवारी ने बताया कि पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों की शांति के लिए ब्राह्मण भोज कराया जाता है। इसके अलावा पितृ पक्ष के दौरान गायों को हरा चारा खिलाने से पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। एक सप्ताह पहले महेंद्र सागर तालाब के घाटों पर जल कुंभी फैल जाने से लोगों को परेशानी हो रही थी। शहर के समाज सेवियों ने पितृपक्ष से पहले तालाब के घाटों की साफ सफाई की मांग की थी। जिसके चलते नगर पालिका और मछुआ समिति के सदस्यों ने लगातार सफाई अभियान चलाया। तालाब का पितृ तर्पण घाट और महादेव घाट साफ हो जाने से आज लोगों को पूर्वजों को जल देने में सुविधा रही।

# निर्माण कार्यों का फर्जी मूल्यांकन कराकर शासन को लगाया जा रहा लाखों का चूना

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुजारा के सरपंच सचिव द्वारा सेक्टर प्रभारी उपयंत्री की मिलीभगत से नाली और सीसी रोड का घटिया निर्माण कार्य कर शासन को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। दरअसल ग्राम पंचायत सुजारा में 15 में वित्त आयोग और मनरेगा कन्वर्जेंस से माध्यमिक शाला से बगाज माता मंदिर की ओर एवं नाली निर्माण कर हरिजन बस्ती में बनाई जा रही। नाली में बजरी की जगह डस्ट का उपयोग एवं अन्य घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई है। शिकायत के बाद भी गुणवत्ताहीन निर्माण को देखने के लिए मौके पर एक भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि शासन के नियम अनुसार गुणवत्ता देखने के लिए उपयंत्री और सहायक यंत्री यह जिम्मेदारी दी गई है।

ग्रामीणों की मानो तो गांव में सरकार द्वारा संचालित योजना में सरपंच जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसकी निगरानी करने वाले अधिकारी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री गोविंद सिंह बुंदेला द्वारा कमीशन लेकर निर्माण कार्यों का फर्जी तरीके से मूल्यांकन कर दिया जाता है। उतना ही नहीं यह कमीशन के खेल में जनपद जनपद सीईओ भी आंख मूंदकर चुप्पी साधे बैठे हैं। पंचायत में किए गए सभी



कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है जिस पर सहायक यंत्री और उपयंत्री की सहभागिता से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं ग्राम पंचायत सुजारा में 6 माह पूर्व गिलौजी वंशकार के घर से खन्नू अहिरवार के घर तक निर्माण हुआ। सीसी रोड में नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है। घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन 4 इंच सीसी रोड डालकर सरपंच-सचिव एवं सेक्टर प्रभारी उपयंत्री ने शासन की राशि को ठिकाने लगाया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मौखिक रूप से जनपद सीईओ से की थी, लेकिन सीसी रोड की जांच नहीं होने से सरपंच-सचिव के हौसले बुलंद है। अब निर्माण हो रही नाली में घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन नाली का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस प्रकार घटिया निर्माण कार्य किए गए तो आने वाले समय में नाली जल्द ही गिर जाएगी, एक भी अधिकारी के निर्माण कार्यों को देखने के लिए मौके पर नहीं आते हैं कार्यालय में बैठकर ही काम किया जाता है। ग्राम पंचायत सुजारा में जिम्मेदार अधिकारियों की सांठगांठ से जमकर अनियमितता की जा रही है। शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है।

## सार समाचार

### पुरैना तालाब पर दिया तर्पण



**दमोह देशबन्धु।** शहर के पुराना तालाब पर पंडित राहुल शास्त्री द्वारा जल तर्पण सुरु कराया गया। जिसमें शास्त्री जी ने बताया की पितृपक्ष को सनातन धर्म में महत्वपूर्ण माना गया है यह पितृपक्ष निरंतर 16 दिनों तक चलते है और यह एक ऐसी अवधि होती है जब सनातन धर्म के लोग अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान, श्रद्धा से जल अर्पण करते है और उनसे प्रार्थनाऐं करते हैं। साधारण शब्दों में पितृ अर्थात हमारे पूर्वज, जो हमारे बीच में नहीं हैं, उनका तर्पण एवं श्राद्ध करने का समय। इस माध्यम से अपने पूर्वजों को याद करना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है।

### जैन समाज के लोगों ने सड़कों पर की सफाई



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर परिषद् के सफाई कर्मचारियों की विगत दिनों से लगातार हड़ताल पर बैठे होने के कारण गणेश उत्सव व पर्यूषण पर्व पर नगर की सड़कों साफसफाई नही की गई जिससे एक सप्ताह से दिखने वाला कूड़ा को अनंत चतुर्दशी व त्योहार को देखते हुए जैन समाज के लोगो ने नगर के मुख्य मार्ग की सफाई की।

### श्रीजी की शोभायात्रा निकाली



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन समाज द्वारा नगर में भगवान श्रीजी की शोभायात्रा शुक्रवार को निकाली गई। धार्मिक भजनों पर युवाओं ने किया नित्य भगवान महावीर की जय जयकार से वातावरण गुंजायमान रहा। जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिनालयों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही समापन पर शुक्रवार को श्री पारसनाथ जैन मंदिर से भगवान महावीर का शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा प्रारंभ से पूर्व समाज के बन्धुओं ने भगवान श्री जी की आरती उतारी।

शोभायात्रा झंडा चौक, संजय चौराहा स्थित आचार्यश्री विधासागर मुनि महाराज हरकरधा में पर सम्पन्न हुई, वहां आर्यिका श्री विमलमति माताजी संसघ के समक्ष जहाँ धर्मावलंबियों ने भगवान का अभिषेक किया। वहीं रात में आरती और प्रवचन कार्यक्रम आयोजित हुआ ।शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। बैण्डबाजों की धुन पर निकलते धार्मिक गीत लोगों को आकर्षित किया।

### इंदौर-हाबड़ा ट्रेन के स्टापेज पर हरी झंडी दिखवाकर किया रवाना

# पथरिया के लोग सुविधाओं को लेकर हैं जागरुक: पटेल



**दमोह/ पथरिया देशबन्धु।** यह एक जागरूक स्थान है, जहां अपनी सुविधाओं के लिए लोग सचेत हैं, खास करके रेलवे की समस्या में जितनी डिमांड यहां से होती है, वह शायद किसी और स्थान से नहीं होती है यह सच है कि जन सुविधाएं जितनी हो उतना बेहतर होता है, लेकिन भारत सरकार तीसरी लाइन इसलिए यहां से डाल रही है कि हमारे गुड्स का सबसे बड़ा मार्ग और व्यस्त मार्ग यही है। तीसरी लाइन बनने के बाद कुछ और चीजें सुविधाजनक हो सकती हैं लेकिन अभी जो पांच गाड़ियों का स्टॉपेज हुआ है, उसके लिए मैं पथरिया के लोगों को हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। इस आशय की बात केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पथरिया रेलवे स्टेशन पर इंदौर हावड़ा ट्रेन के स्टापेज कार्यक्रम के अवसर पर कही। ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों ने ट्रेन के ड्राईवर का पुष्पगुच्छ एवं मिष्ठान खिलाकर अभिनंदन किया।

इस मौके पर विधायक रामबाई सिंह परिहार, पूर्व विधायक लखन पटेल, पूर्व विधायक सोनाबाई अहिरवार, गोपाल पटैल, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, रेल्वे सलाहकार समिति सदस्य योगेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष ललित पटेल, जमना जैन, बृजेश पटेल, सहित रेल मंडल के अधिकारीगण मौजूद थे। मंत्री ने कहा आज क्षमा पर्व भी है लोग यहां से शिखर जी क्षिप्रा ट्रेन से जाते हैं जो की एकमात्र रास्ता है, यह सच है कि कोई जरूरत ऐसी होती है, जो वास्तव में इस विकल्प के अलावा संभव नहीं है। मैं हृदय से शुभकामनाएं, बधाइयां देता हूं और रेलवे के अधिकारियों को भी साधुवाद देता हूं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह तय किया था कि जब मैं आऊंगा तभी शुरुआत होगी लेकिन बची हुई चारों ट्रेन दो-तीन दिन के अंदर उनके स्टॉपेज शुरू हो जाएंगे।

बांदकपुर में भी तीन ट्रेन रूकेंगी और यह हमारे दोनों केंद्र बहुत ही मजबूत केंद्र है उन सभी को हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल ने कहा जो तेज गति की गाड़ियां है वह आपकी ताकत, विरोध या समर्थन से रुकने वाली नहीं है उन्होंने कहा जीवन से बड़ा कुछ और नहीं है, लेकिन हमें चाहिए कि हमारे मन अनुसार हर घंटे में ट्रेन मिल जाए यह संभव नहीं है, लेकिन फिर भी मुझे कहा गया था तो मैंने कहा कि जो हमारी ट्रेनें रुकती थी वह रुक जाएं। बांदकपुर में भी ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू होगा। हालांकि कोरोना काल से पहले पथरिया स्टेशन पर जिन 6 ट्रेनों का स्टापेज था उनमें से 5 ट्रेनों का स्टापेज करीब साढ़े तीन वर्ष बाद पुनः स्वीकृत हुआ। जिसमें 11071/72 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी कामायनी, 11703/04 रीवा-डा अम्बेडकर नगर इंटरसिटी, 22911/12 इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा, 18477/78 पुरी-ऋषिकेश उत्कल, 12185/86 रीवा- हबीबगंज रानी कमलापति एक्सप्रेस है जिसमें क्षिप्रा का शुक्रवार से शुरू हो वही 4 ट्रेन 1-2 दिन में रूकने लगेगी।

# महिला मित्र से संपर्क के शक पर युवक की बेरहमी से हत्या

- उपर-अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

**दमोह देशबन्धु।** पांच दिन पूर्व 25 सितंबर को ग्राम हिनौता घाट सुनार नदी में तैरता हुआ बंद प्लास्टिक की बोरी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर थाना पथरिया में अज्ञात मृतक की शिनाख्त बबलू उर्फ महेन्द्र चक्रवर्ती निवासी पथरिया के रूप में कर मामला हत्या का पाये जाने से हत्या का प्रकरण अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कायम किया गया था। इस पर थाना प्रभारी पथरिया व गठित टीम द्वारा प्रकरण के मृतक के मोबाइल नंबर की सीडीआर के आधार पर सायबर सेल की सहायता से आरोपियों की पहचान कर उनको गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी बुद्धन उर्फ भूपेन्द्र पिता हल्ले उर्फ झुन्नीलाल साहू, नरेश पिता बहादुर अठ्या, गनेश पिता प्रीतम प्रजापति एवं चन्नू उर्फ शिवचरण पिता महादेव रजक सभी निवासी पथरिया शामिल हैं। पथरिया पुलिस द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया है कि प्रकरण के मुख्य आरोपी बुद्धन साहू को शक था कि मृतक व उसके दोस्त का संपर्क उसकी महिला मित्र से था। जिस कारण मुख्य आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ घटना की तारीख को बबलू उर्फ महेन्द्र चक्रवर्ती को वार्ड 14 पथरिया में बने अपने घर में बुलाकर बेरहमी से पीट पीट कर हत्या कर दी। जुर्म को छुपाने के लिये आरोपियों ने मृतक के शव को एक प्लास्टिक की बोरी में पत्थर के साथ रखकर सुनार नदी में फैंका था।

ज्ञात हो कि प्रकरण में मुख्य आरोपी बीजेपी पार्षद का पुत्र बताया जा रहा है। प्रकरण को सुलझाने में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी निरी रजनी शुक्ला, उनि कादर खान, सउनि बलविन्दर सिंह, सउनि राकेश पाठक, प्र.आर. भगत सिह, आर. रामसींग ठाकुर, रविन्द्र पटैल, नवल यादव, ओमप्रकाश रैकवार, मनीष कुमार, राजकुमार पटेल, सोनू कुर्मी, एनआरएस रामकुमार पटैल व नंदराम अहिरवार तथा सायबर सेल से प्र.आर. अजीत दुबे, राकेश अठ्या, आर. सौरभ टंडन, का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सद्गुवा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के निर्देशन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सद्गुवा में डॉक्टर ई मिंज सी.बी.एम.ओ. पथरिया के मार्गदर्शन में आरोग्य भारती संस्था के सहयोग से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्टाफएवं ग्रामीण जनों की ब्लड प्रेशर की जांच डॉ पुष्पेंद्र त्रिपाठी एवं डॉ दिनेश पटेल के द्वारा की गई, साथ में लोगों को हृदय रोगों से बचाव हेतु पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई, इसके साथ ही मोटे अनाज के फायदे बताए एवं हमारे दैनिक जीवन में उपलब्ध घरेलू औषधियां के बारे में जानकारी दी गई। कैंप में सतीश विश्वकर्मा फार्मासिस्ट, आरती गोंड, संध्या बिसेन, सहनाज बेगम, कस्तूरचंद वाल्मीकि, प्रमेश जाडिया, दीपक राठौर का सहयोग रहा।

# जिला योग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ




**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा (आईपीएस से.नि.) कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त का हुआ, प्रथम दमोह नगर आगमन, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दमोह के मीटिंग हॉल में वेद प्रकाश शर्मा, अध्यक्ष मध्य प्रदेश योग आयोग,पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी बहिन डॉक्टर पुष्पांजलि शर्मा एवं करण सिंह के द्वारा समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, सहायक संचालक एस.एन. ठाकुर, जिला योग प्रभारी द्वारका प्रसाद करकरें, पतंजलि योग समिति के जिला अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा, जिला आयोग योग समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष वर्षा शुक्ला, कोषाध्यक्ष बृजेश सेन सहित सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक योग प्रभारी समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मध्य प्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष माननीय वेद प्रकाश शर्मा जी के द्वारा ओम का उच्चारण कर समीक्षा बैठक का प्रारंभ किया गया, दमोह जिले में ब्लॉक ग्राम, वार्ड योग समिति गठन का प्रतिवेदन जिला समिति अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें सभी ब्लॉकों,ग्रामों एवं वार्डों में 80: योग समितियां का गठन हो चुका है , शेष योग समितियो का गठन 4 अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा, उपस्थित ब्लाको के अध्यक्ष ने अपने-अपने ब्लॉक की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, सहायक संचालक एस.एन. ठाकुर, जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा, शरद मिश्रा, लाल राम पटेल, डॉक्टर केदार नाथ शर्मा, उस्ताद राकेश जैन, पंडित विनोद दुबे, डॉक्टर रसीद खान, सुरेश रैकवार, सुदेश चौरसिया, मुकेश यादव, सहितयोगी भाई बहिनों की उपस्थिति रही.। कार्यक्रम का आभार योग आयोग जिला योग समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा शुक्ला ने माना।

## चाकू बाजों पर होगी एनएसए और जिलाबदर की कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** शहर में पिछले काफी समय से चाकूबाजी की घटनाओं की झडी सी लगी है और आए दिन शहर में चाकूबाजी की खवरें आती रहती हैं जिन्हें रोकने में फिलहाल कोतवाली पुलिस असफल ही सावित रही है। नये आये पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने अब चाकूबाजी की इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इन्हें रोकने थाना प्रभारी कोतवाली को निर्देशित किया गया है कि थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत चाकू बाजी की घटनाओ की रोकथाम हेतु थाना स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाकर प्रभावी कार्यवाही की जावे। इस हेतु निर्देश जारी किये गये हैं कि चाकूबाजी की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये संदिग्ध व्यक्ति और संदिग्ध वाहनों की अचानक चैकिंग की जावे। आदतन अपराधी एवं निगरानी बदमाशों की सघन तलाशी ली जावे। अवैध चाकू रखने वाले स्थानों पर दबिश दी जावे। चाकू बाजों के पुराने रिकार्ड हो जिनके द्वारा पूर्व में चाकू बाजी की घटना कारित की गई है जो आदतन अपराधी है उनके विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही एवं एनएसए की कार्यवाही की जावे। घटित प्रकरणों में विधि अनुसार त्वरित कार्यवाही कराई जावे। चाईनीज चाकू कहां से आ रहे हैं एवं किसके द्वारा लाये जा रहे हैं तस्दीक करें, आर्म्स एक्ट की कार्यवाही करायें। इसके अतिरिक्त चाकू बाजी की घटनाओं को रोकने के लिये अन्य प्रयास अपने स्तर पर कर सकते हैं।

# रिश्वत लेते पकड़ाए एएसआई को सजा

दमोह देशबन्धु। वर्ष 2017 में छेडछाड की रिपोर्ट पर आरोपी से केस हल्का करने व जमानत पर छोड़ने के ऐवज में 10000 रूपये की मांग करने वाले तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक थाना पटेरा ओमकार सिंह ठाकुर को न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय दमोह द्वारा दोषसिद्ध पाने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 13(1)(घ) सहपाठित 13(2) में 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 8000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनंत सिंह ठाकुर द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी महेंद्र कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में की गई। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 सितंबर 2017 को आवेदक ओंकार उर्फ रामकिशुन पटेल पिता जगमोहन पटैल निवासी ग्राम रामगढा थाना पटेरा ने अनावेदक ओमकार सिंह ठाकुर, तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक थाना पटेरा के विरुद्ध रिश्वत मांग संबंधी एक शिकायत पत्र पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर के समक्ष प्रस्तुत किया था। कि दिनांक 31 अगस्त 17 को थाना पटेरा में पदस्थ ओमकार ठाकुर सहायक उप निरीक्षक थाना पटेरा जिला दमोह मेरे घर ग्राम रमगढ़ा में आकर मुझसे कहने लगे कि तुम्हारे खिलाफ थाने में फरियादी रामबाई काछी नि. अधियारा बगीचा के द्वारा छेडछाड की रिपोर्ट की गई है। तुम्हे टीआई साहब ने थाने में बुलाया है। तब मेरे द्वारा कहा गया कि मैं फरियादी को नहीं जानता हूँ और उसने मेरी झूठी रिपोर्ट करवाई गई है। अनावेदक द्वारा केस हल्का करने व जमानत पर छोड़ने के ऐवज में 10000 रूपये की मांग की जा रही है। अनावेदक द्वारा 1000 रूपये तुरंत ले लिये है, बाकी रूपये एक-दो दिन में देने की कहकर मुझे छोड़कर चले गये है। प्रस्तुत शिकायत के सत्यापन हेतु लोकायुक्त पुलिस द्वारा आवेदक को एक डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर जारी किया गया, जिस पर आवेदक द्वारा रिश्वत मांग बातचीत रिकॉर्ड की गई। मांगवार्ता के दौरान अनावेदक द्वारा 2,000/- रूपये तत्समय ही आवेदक से ले लिये तथा 5000 रुपये और देने को कहा। उक्त तस्दीकोपरांत दिनांक 5 सितंबर 17 को ट्रेप का आयोजन किया गया। ट्रैप कार्यवाही के दौरान लोकायुक्त पुलिस के द्वारा आरोपी से रिश्वत राशि 5000 रुपये बरामद किए गए। समस्त कार्यवाही एवम विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दमोह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामला न्यायालय में आने के बाद दस्तावेजी साक्ष्य एवं मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्को से सहमत होकर न्यायालय द्वारा दिनांक 29 सितंबर 2023 को निर्णय पारित किया गया।

## अलग-अलग 7 प्रकरणों के 8 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बीना भरत सिंह ठाकुर के कुशल नेतृत्व में अलग-अलग सात प्रकारणों में 8 साल से फरार स्थाई प्रकरण क्र. 68/14, 43/15, 131/15, 180/15, 1036/14, 1026/14, 200,138/13 सभी प्रकरण धारा 138 एनआई एक्ट के आरोपी विशाल जैन उर्फ बाबा पिता संतोष कुमार जैन उम्र 41 वर्ष निवासी पाठक वार्ड बीना को पाठक वार्ड बीना से लखेरा उम्र 23 वर्ष दोनो निवासी।

न्यायालय बीना पेश किया। न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी छोटी बजरिया रामदीन सिंह, लोकेन्द्र सिंह यादव, मुकुल शुक्ला, यशवंत सिंह राजपूत की भूमिका रही।

## विश्व हृदय दिवस के मौके पर 371 पंजीकृत लोगो को दिया गया स्वास्थ्य लाभ



**दमोह देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में दिल से जुड़ी बीमारियों के लक्षणों की पहचान के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये। वहीं ग्रामीण समुदाय में संचालित हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सभी आयु वर्ग के लोगों का विशेष रूप से रक्तचाप की जांच की गई। 30 वर्ष से अधिक लोगो का सी बैक फार्म भर कर असंचारी रोग, क्षय रोग एवं कुष्ठ रोग के प्रति संवेदनशील लोगो की पहचान भी की गई। विश्व हृदय दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में लगाये गये हार्ट शिविर दौरान 371 मरीजों ने पंजीयन कराया गया। जबलपुर से आये एमडी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रघुवर पटेल एवं सागर बंसल अस्पताल से डीएम कार्डियोलॉजी डॉ. आलोक मदान की अगुवाई में पंजीकृत लोगों का बीपी, इको एवं ईसीजी की जांच की गई।

इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, सिविल सर्जन डॉ. राजेश नामदेव, आरएमओ मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. जलज बजाज, डॉ विजय पथोरिया एवं आरएमओ डॉ. विशाल शुक्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर दौरान पंजीकृत 72 बच्चों में से 29 बच्चों एवं विभिन्न आयु वर्ग के पंजीकृत 299 लोगों में से 116 लोगों में दिल से जुड़ी समस्या पाई गई।

जिन्हे समुचित उपचार प्रबंधन हेतु उच्च संस्था में रेफर किया गया। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्रता रखने वाले लाभार्थियों को निरूशुल्क स्वास्थ्य उपचार प्रदाय किया जाएगा।

## विद्यार्थी एवं शिक्षक सेल्फी के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दे रहे संदेश




**दमोह देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत संपूर्ण जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालय में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिखाई दे रही है। जिसके तहत संपूर्ण जिले में प्रति दिवस विद्यालयों ,महाविद्यालयो एवं विभिन्न शासकीय संस्थाओं में विभिन्न रूपों में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।जिससे जिले में उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। विभिन्न शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय एवं विद्यालयों की छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता सेल्फी खींच कर लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता की गतिविधियों को उत्साह के साथ किया जा रहा हैं एवं मतदान के प्रति लोगों को जागरूकता का संदेश दे रहे हैं।

इस दिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा निरंतर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को प्रेरित एवं उत्साहित किया जा रहा है।

## 2 सफाई संरक्षकों के सेवानिवृत होने पर विदाई दी

**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम में सफाई संरक्षक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार एवं उर्मिला के सेवानिवृत होने पर नगर निगम सभा कक्ष में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में सहायक राजेश सिंह राजपूत, माधव प्रसाद कटारे, लघु वेतन कर्मचारी संघ की ओर से चूड़ामणि रैकवार और अन्य साथी कर्मचारीयों द्वारा कर्मचारियों का शाल श्रीफल से स्वागत करते हुए उनके स्वास्थ्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत ने कहा कि जो कर्मचारी सेवा में आया है वह एक दिन सेवानिवृत भी होगा लेकिन उनके परिवार वाले ध्यान रखें कि उन्होंने अपना पूरा जीवन परिवार की खुशहाली के लिए लगा दिया इसलिए परिवार वाले उनका ध्यान रखें। पं. माधव कटारे ने सेवानिवृत कर्मचारीयों को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अपना शेष जीवन सामाजिक धार्मिक कार्यों में व्यतीत करें और खुश रहें। इस अवसर पर सुरेंद्र महावत, सुदेश सनकत, बाबू मछंदर, राजेंद्र सनकत, सुदेश, हेमंत, कमलेश चुटेले सहित बड़ी संख्या में सफाई संरक्षक और सेवानिवृत कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।



## मऊसहानियाछत्रसाल लोक के रूप में होगा विकसित

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल की कर्मभूमि मऊसहानिया को छत्रसाल लोक के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां मौजूद महाराजा छत्रसाल शौर्यपीठ पर एक भव्य स्मारक बनाकर बुन्देल केसरी महाराजा छत्रसाल के योगदान को प्रदर्शित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही मऊसहानियां के धुबेला में स्थित राज्य स्तरीय संग्रहालय का भी सुसज्जतीकरण होगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीते रोज भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री के इस ऐलान के बाद छतरपुर जिले में हर्ष का माहौल है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा पर महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष राधे शुक्ला एवं सचिव डॉ. कमलेश अहिरवार ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# विकास किया है - विकास करेंगे



## ₹7500 करोड़ लागत की इंदौर मेट्रो का ट्रायल रन फ्लेग ऑफ

गांधी नगर, इंदौर । सायं 4:00 बजे

## बायोटेक्नोलॉजी पार्क का भूमिपूजन

जावद, जिला नीमच । दोपहर 2:20 बजे

## भादवा माता लोक का भूमिपूजन

नीमच । दोपहर 12:30 बजे

मुख्यमंत्री

## शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

30 सितम्बर, 2023

### मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा 29 सितम्बर, 2023 को ₹ 7042 करोड़ के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण व शिलान्यास

**₹ 3517 करोड़ लागत की मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
हरदा, नर्मदापुरम, खण्डवा जिले के 73 हजार किसानों को सिंचाई सुविधा

**₹ 1385 करोड़ लागत की झिरन्या माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
खण्डवा एवं खरगोन जिले के 40 हजार हेक्टेयर में सिंचाई

**₹ 905 करोड़ लागत की अलीराजपुर उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण**
86 हजार किसानों के 35 हजार हेक्टेयर खेतों को मिलेगी सिंचाई

**₹ 720 करोड़ लागत की ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**
हरदा जिले के 118 गांवों में होगी सिंचाई

**₹ 515 करोड़ लागत की विस्टान उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण**
खरगोन जिले के 22 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई

D-11126/23

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।